संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, गुरूवार, 19 अक्टूबर 2023 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



नवरात्रि के पांचवें दिन मां दुगार्जी के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की आराधना की जाती है। भगवान स्कंद (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 280 पृष्ठः 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## फास्ट न्यूज

### ईडी की शक्तियों की समीक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट पीएमएलए के तहत ईडी की शक्तियों की समीक्षा के लिए तैयार हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले की समीक्षा न किए जाने की केंद्र सरकार की मांग ठुकरा दी। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के प्रावधानों की जांच राष्ट्रीय हित में हो सकती है। हम ईडी की शक्तियों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिकाओं पर विचार करेंगे। इस मामले पर अगली सुनवाई 22 नवंबर को होगी। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बेंच में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बेला त्रिवेदी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 25 अगस्त 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने कहा था कि हम सिर्फ दो पहलुओं को दोबारा विचार करने लायक मानते हैं। कोर्ट ने कहा था कि ईसीआईआर (ईडी की तरफ से दर्ज एफआईआर) की रिपोर्ट आरोपित को न देने का प्रावधान और खुद को निर्दोष साबित करने का जिम्मा आरोपित पर होने के प्रावधान पर दोबारा सुनवाई करने की जरूरत है। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने पुनर्विचार याचिका दायर की है। मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के प्रावधानों को चुनौती देते हुए दो सौ के आसपास याचिकाएं दायर की गई थीं जिस पर 27 जुलाई को जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली बेंच ने फैसला सुनाया था।

### छत्तीसगढ़ विस चुनावः कांग्रेस ने 53 उम्मीदवारों की दूसरी सूची की जारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए 53 उम्मीदवारों की दूसरी सूची बुधवार को जारी की। पार्टी ने इससे पहले 30 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। दूसरी सूची में 9 विधायकों के टिकट काटे गए हैं, जबकि 9 महिलाओं और 15 नए चेहरों को स्थान मिला है। कांग्रेस 90 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए अब तक 83 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

# दिवाली पर मोदी सरकार का तोहफा

= महंगाई भत्ता बढ़ाया, रेल कर्मियों को बोनस और रबी की फसलों पर एमएसपी में इजाफा

**सौगात**

**8 रबी की 6 फसलों में एमएसपी की बढ़ोतरी कर करोड़ों किसानों को भी फायदा पहुंचाने का एलान किया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कर्मचारियों** के वेतन में बढ़ोतरी करके केंद्र सरकार ने त्योहारी सीजन में जहां इस तबके को बड़ी सौगात दी है। वहीं रबी की 6 फसलों में एमएसपी की बढ़ोतरी कर करोड़ों किसानों को भी फायदा पहुंचाने का एलान किया है। केंद्र सरकार की ओर से लिए गए फसलों के एमएसपी बढ़ाने वाले फैसले को सियासी नजरिए से भी नापा तौला जा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाए जाने की घोषणा से किसानों के संगठनों की मिली जुली प्रतिक्रिया आ रही है। जबकि सियासी जानकार इसे आने वाले लोकसभा और विधानसभा के चुनावों से पहले का एक बड़ा पॉलिटिकल शॉट भी मान रहे हैं। केंद्र सरकार ने छह प्रमुख रबी की फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दे दी है। अगले मार्केटिंग सीजन के लिए एमएसपी में दो से सात फीसदी तक का इजाफा किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2024-25 के लिए रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी के तहत अगले सत्र के लिए गेहूं, जौ, चना मसूर, सरसों और सनफ्लावर का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है। केंद्र सरकार की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक जिन फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है, उनमें सबसे ज्यादा मसूर, दूसरे नंबर पर सरसों, तीसरे नंबर पर गेहूं और सनफ्लावर चौथे नंबर पर है।

## केंद्रीय कर्मियों को मोदी सरकार ने दिया गिफ्ट, किया बोनस का एलान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को दिवाली से पहले बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने मंगलवार (17 अक्टूबर) को दिवाली बोनस का एलान किया। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने एक आदेश में अर्धसैनिक बलों सहित ग्रुप सी और नॉन-गजेटेड ग्रुप बी रैंक के अधिकारियों के लिए 7,000 रुपये की अधिकतम सीमा के साथ दिवाली बोनस को मंजूरी दे दी है।



**28 लाख कर्मचारियों को होगा फायदाः** बता दें कि केंद्र सरकार ने अपने ग्रुप बी (गैर राजपत्रित) और ग्रुप सी कर्मचारियों के लिए 30 दिन के बोनस का ऐलान किया है। सभी कर्मचारियों को 7000 रुपये तक का बोनस मिलेगा। इस फैसले से केंद्र सरकार के करीब 28 लाख कर्मचारियों को फायदा होगा। वहीं, बुधवार को महंगाई भत्ता बढ़ाने पर कैबिनेट में विचार हो सकता है। वित्त मंत्रालय के तहत व्यय विभाग ने कहा कि वर्ष 2022-23 के लिए 30 दिनों के वेतन के बराबर गैर-उत्पादकता से जुड़े बोनस को समूह सी में केंद्र सरकार के कर्मचारियों और समूह बी में सभी गैर-राजपत्रित कर्मचारियों को प्रदान किया गया है।



## 10 लाख टन गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार ने नेपाल, कैमरून और मलेशिया सहित सात देशों को 10,34,800 टन गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दे दी है। इन देशों को यह निर्यात राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से किया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने जारी एक अधिसूचना के मुताबिक सात देशों को 10,34,800 टन गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है।

## महंगाई भत्ते में वृद्धि की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार में लगभग एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों को पहली जुलाई से देय महंगाई भत्ते में वृद्धि की सौगात मिल गई है। महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में डीए-डीआर की दरों में बढ़ोतरी पर मुहर लग गई है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने डीए की बढ़ी हुई दरों की घोषणा की है। अब इस वृद्धि के साथ ही डीए की मौजूदा दर 42 से 46 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसके बाद जनवरी 2024 में भी अगर महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई तो वह दर 50 प्रतिशत हो जाएगी।
अब केंद्रीय कर्मियों की इतनी बढ़ जाएगी सैलेरीः अगर किसी कर्मचारी



का मूल वेतन 18 हजार रुपये है तो 46 प्रतिशत महंगाई भत्ते के हिसाब से उसके वेतन में हर माह लगभग 720 रुपये बढ़ जाएंगे। यानी डीए की कुल राशि 8280 रुपये होगी। जिन कर्मियों का मूल वेतन 25 हजार रुपये है तो उन्हें प्रतिमाह 1000 रुपये का फायदा होगा। 46 प्रतिशत के हिसाब से उनका डीए 11500 रुपये हो जाएगा। जिस कर्मी की बेसिक सेलरी 35 हजार रुपये है तो उसे प्रतिमाह 1400 रुपये ज्यादा मिलेंगे।

# अदाणी समूह ने महंगी बिजली के जरिए लोगों को लूटाः राहुल गांधी

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिया रिपोर्ट का हवाला, कहा- सत्ता में आए तो कराएंगे जांच



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद अब कोयला आयात में दोगुने बिलिंग को लेकर अदाणी समूह को कठघरे में खड़ा करते हुए आरोप लगाया है कि इसकी आड़ में बिजली महंगी कर जनता को ठगा जा रहा है और अब तक 12000 करोड़ रुपए लूटा जा चुका है।
**सत्ता में आए तो कराएंगे अदाणी समूह की जांचः** अदाणी समूह पर लगे आरोपों के बावजूद उनकी जांच नहीं कराए जाने को लेकर प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि सत्ता के संरक्षण के कारण किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही और 2024 में हम सत्ता में आए तो अदाणी समूह के मामलों की जांच कराएंगे। तेलंगाना की चुनावी यात्रा पर रवाना होने से पूर्व बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए लंदन से प्रकाशित अखबार फाइनेंशियल टाइम्स की

**निशाने पर**

**8 राहुल गांधी ने अब कोयला आयात में दोगुने बिलिंग को लेकर अदाणी समूह को कठघरे में खड़ा किया**

रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि अदाणी समूह ने इंडोनेशिया से कोयला जिस दर पर खरीदा भारत आते ही उसकी कीमत दोगुनी हो गई।
इसमें साफ तौर पर ओवर इनवायसिंग की गई और इसकी वसूली के लिए बिजली दरें महंगी की गई और गरीब लोगों की जेब से अब तक 12,000 करोड़ रुपए की लूट की जा चुकी है। यह सरकार के संरक्षण में हुआ है और यह इतना बड़ा खुलासा है कि कि दुनिया में सरकारें गिर जाती मगर भारत में इसकी कोई सुध नहीं ली जा रही है।

# 'भारत 7 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन सकता है'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अमेरिकी मल्टीनेशनल फाइनेंशियल सर्विस कंपनी जेपी मॉर्गन का मानना है कि 2030 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ कर 7 ट्रिलियन डॉलर हो सकता है।
जेपी मॉर्गन के एशिया पेसिफिक इक्विटी रिसर्च डायरेक्टर जेम्स सुलिवान का मानना है कि 2027 तक भारत में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है। एक निजी टीवी चैनल के साथ बातचीत में सुलिवान ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में लगातार तेजी आने की संभावना बनी हुई है। अगर सबकुछ ठीक




रहा और कोई बड़ी आपदा नहीं आई तो भारतीय अर्थव्यवस्था अगले 7 साल में 7 ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक पहुंच सकती है।
उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में ही अगले 5 वर्षों के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार को पांच ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक ले जाने का लक्ष्य रखा था।
हालांकि कोरोना महामारी की वजह से पूरी दुनिया की तरह भारतीय अर्थव्यवस्था भी डगमगा गई थी। लेकिन वैश्विक कमजोरी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने दोबारा मजबूती हासिल कर ली।

**दावा**

**8 2027 तक भारत में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता हैः जेपी मॉर्गन**

# रैपिडएक्स ट्रेन का मिनिमम किराया 20 रुपये

## दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के पहले फेज का उद्घाटन 20 अक्टूबर को

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ** आरआरटीएस कॉरिडोर के पहले फेज का उद्घाटन 20 अक्टूबर को होने वाला है। पहले फेज में रैपिडएक्स ट्रेन गाजियाबाद के साहिबाबाद स्टेशन से दुहाई डिपोट के बीच चलाई जाएगी। पीएम मोदी इसके उद्घाटन करेंगे। लोगों में सबसे ज्यादा चर्चा इसको लेकर थी कि इस रैपिडएक्स ट्रेन का किराया कितना होगा। रैपिडएक्स ट्रेन में दो तरह के कोच हैं। एक सामान्य



श्रेणी जबकि दूसरी प्रीमियम कोच के लिए। इसलिए किराया भी दो दरों में होगा। प्रीमियम कोच का किराया सामान्य श्रेणियों की कोच के मुकाबले बिल्कुल दो गुना है। वहीं 90 सेमी तक हाइट वाले बच्चों का किराया बिल्कुल फ्री रहेगा। स्टैंडर्ड कोच का किराया-स्टैंडर्ड कोच में साहिबाबाद से गाजियाबाद स्टेशन तक का किराया 30 रुपये होगा। जबकि गुलधर तक का 30, दुहाई का 40 और दुहाई डिपो तक का 50 रुपया किराया होगा।
इसी तरह गाजियाबाद से साहिबाबाद 30 रुपये, गुलधर 20, दुहाई और दुहाई डिपो तक का किराया 30-30 रुपया होगा।

# 'कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को गिराने की हो रही साजिश'

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार (18 अक्टूबर) को बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाते हुए राज्य सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्हें पता है कि सरकार को अस्थिर करने के लिए बीजेपी में एक टीम सक्रिय है। शिवकुमार ने आगे कहा कि कांग्रेस विधायक उन्हें और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को सूचित कर रहे हैं कि कौन उनसे संपर्क कर रहा है।

**योगी मंत्र** वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का लक्ष्य पाने के लिए रखना होगा हेल्पिंग एटीट्यूड और पॉजिटिव एप्रोच

# 'पॉजिटिव रखें एप्रोच और टेक्नोलॉजी का करें समावेश'

**टीम एक्सन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश को 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने के लिए संकल्पित है और उस दिशा में तेजी से प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस लक्ष्य को हासिल करने का रोडमैप क्या होना चाहिए, किन चीजों पर अत्यधिक फोकस करने की आवश्यकता है और चुनौतियां क्या हैं, इन्हीं सब मुद्दों को लेकर बुधवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा संघ व एसबीआई द्वारा वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के रूप में उत्तर प्रदेशः संभावना, चुनौतियां तथा वित्त विभाग एवं एसबीआई की भूमिका



विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि और योगी सरकार में वित्त एवं संसदीय मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार का मानना है कि यदि बैंक और फाइनेंस से जुड़े अफसरों का एटीट्यूड हेल्पिंग हो, एप्रोच पॉजिटिव हो, काम में क्वालिटी और टेक्नोलॉजी का समावेश हो तो कोई वजह नहीं है कि उत्तर प्रदेश इस बड़े लक्ष्य को हासिल न कर सके। जापान से सीखना होगा क्वालिटी और टेक्नोलॉजी का प्रयोग
वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आज के काम को कल पर कतई मत टालिए। काम की क्वालिटी और टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल का उदाहरण हमें जापान से सीखना होगा। वहां के लोग जितनी ऑनेस्टी और सिंसियरिटी के साथ अपने काम को अंजाम देते हैं, यदि हम भी ऐसा करेंगे तो कोई लक्ष्य बड़ा नहीं होगा।


# श्रद्धांजलि



## श्री हंसराज अरोड़ा जी

**संयुक्त मुख्य संरक्षक, श्री रामलीला कमेटी मॉडल टाउन-2 (रजि.), प्रधान, पंजाबी सभा नार्थ वेस्ट के आकस्मिक निधन के कारण प्रभु श्री रामलीला कमेटी मॉडल टाउन-2 (रजि.) द्वारा आयोजित रामलीला के मंचन को आज विश्राम दिया गया है।**

**श्री हंसराज अरोड़ा जी के आकस्मिक निधन पर एक्शन इंडिया समूह और आदर्श रसोई उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करती है। ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें।**

# विधायक प्रेमचंद ने गुमानीवाला में 1 करोड़ 77 लाख की लागत से किया आंतरिक मार्गों का भूमि पूजन

विकास

**8 उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य की धामी सरकार का पूरा ध्यान विकास के नवरत्नों पर है।**



**ऋषिकेश**
क्षेत्रीय विधायक और मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने ग्राम सभा गुमानीवाला में 1 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत से लगभग 2.71 किमी लंबे विभिन्न आंतरिक मार्गों का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।
बुधवार को डॉ. अग्रवाल ने ग्रामसभा गुमानीवाला में वार्ड संख्या 3, 4 एवं 11 के विभिन्न आंतरिक मार्गों का निर्माण कार्य जिनकी लम्बाई 1.565 किमी व लागत 99.59 लाख रुपए और रूषा फार्म वार्ड संख्या 13 में जीवन जागृति स्कूल से सोनू के घर तक मार्ग का निर्माण कार्य जिसकी लम्बाई 1.15 किमी व लागत 77.65 लाख रुपए है। उन्होंने कहा कि उनकी विधायकी के साढ़े 16 वर्षों में अभूतपूर्व कार्य किये गए हैं। विकास कार्यों के लिए कभी धन की कमी आड़े नहीं आएगी। बताया कि गुमानीवाला में सभी मूलभूत आवश्यकता को उनकी विधायकी में पूरा किया गया है, जिससे आज ग्रामीण क्षेत्र भी शहरी जैसे दिखते हैं।
उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य की धामी सरकार का पूरा ध्यान विकास के नवरत्नों पर है। इसमें पहला रत्न- केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपये से पुनर्निर्माण का कार्य, दूसरा रत्न- ढाई हजार करोड़ रुपये की लागत से गौरीकुण्ड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुण्ट साहिब रोपवे का कार्य, तीसरा रत्न- कुमायूं के पौराणिक मंदिरों को भव्य बनाने के लिये मानसखण्ड मंदिर माला मिशन का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत पहले चरण में 16 मन्दिरों को शामिल किया गया है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि चौथा रत्न- पूरे राज्य में होम स्टे को तेजी से बढ़ावा दिया जाना। पांचवा रत्न- राज्य में 16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास, छठा रत्न- उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार, उधमसिंह नगर में एम्स का सेटेलाइट सेंटर भी बनाया जा रहा है। सातवां रत्न- करीब 2 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली टिहरी लेक डेवलपमेंट परियोजना के कार्य किये जा रहे हैं। आठवां रत्न- ऋषिकेश-हरिद्वार का एडवेंचर टूरिज्म और योग की राजधानी के रूप में विकास किया जा रहा है और नौवां रत्न- टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन इस पर भी जल्द काम शुरू हो जाएगा।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख डोईवाला भगवान सिंह पोखरियाल, प्रधान दीपिका व्यास, मण्डल अध्यक्ष दिनेश पयाल, शहीद हमीर पोखरियाल के पिता जयेंद्र पोखरियाल, समाजसेवी मानवेन्द्र कण्डारी, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सोनी रावत, रुकमा व्यास, पंचायत सदस्य रीना रांगड़, लोनिवि के सहायक अभियंता सतीश कुमार, अपर सहायक अभियंता जितेंद्र कुमार, विनोद भारती, रंजीत थापा आदि उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय भौरियाबगड़ में शिक्षक की तैनाती की लगाई गुहार



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के देवाल विकास खंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय भौरियाबगड़ में शिक्षक की तैनाती की मांग को लेकर बुधवार को ग्रामीणों का एक शिष्टमंडल जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक से मिला।
ग्रामीण कृष्णगोपाल राम, सुरेश राम, मोहन राम और पुष्कर राम का कहना है कि वर्तमान समय में प्राथमिक विद्यालय भौरियाबगड़ में तीस छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं और सभी छात्र अनुसूचित जाति से हैं। विद्यालय में एक ही शिक्षक होने के कारण यदि शिक्षक को राजकीय कार्य के लिए बाहर जाना पड़ता है तो उस दिन बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पाती है। साथ विद्यालय में अन्य विभागीय कार्य भी होते हैं, जिन्हें वर्तमान में तैनात शिक्षक को ही करना पड़ता है। ऐसे में उनके पाल्यों का भविष्य अंधकारमय बना हुआ है।

## बजरंग दल ने सिद्धपीठ मां कुंजापुरी मेले की आयोजक समिति का किया पुतला दहन

### सिद्धपीठ मेले में अन्य समुदाय के सूफी गायक को बुलाया जाने का किया विरोध



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
हिन्दू समाज एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नटराज चौक ऋषिकेश पर सिद्धपीठ मां कुंजापुरी मेले की आयोजक समिति का पुतला दहन कर अपना विरोध प्रकट किया।
बुधवार को बजरंग दल के विभाग संयोजक नरेश उनियाल के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान उन्होंने कहा कि उसे उत्तराखंड देवभूमि के नाम से प्रसिद्ध है, लेकिन कुछ लोग यहां की संस्कृति को बिगाड़ने के लिए उत्तराखंड की सिद्धपीठ की धरती पर अन्य समुदाय के व्यक्ति को बुलाकर सूफी गायन का कार्यक्रम करना पूरे क्षेत्र में पहाड़ी मूल के लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया जाना है।

चेतावनी

**8 आयोजन समिति और प्रशासन कार्यक्रम को रद्द नहीं करता तो आगे भी उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा**

उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पावन पर्व पर इस तरह के कार्य समाज में देवभूमि की संस्कृति को बढ़ावा देने के बजाए एक उपहास उड़ाने जैसा हैं। बजरंग दल और हिन्दू समाज इस प्रकार की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेगा और वह पूर्णतया इस कार्यक्रम का विरोध करते हैं। इसी के चलते आज पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि आयोजन समिति और प्रशासन कार्यक्रम को रद्द नहीं करता तो आगे भी उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी आयोजन समिति और प्रशासन की होगी।
प्रदर्शन करने वालों में मुनि की रेसिपी नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शिव मूर्ति कंडवाल, मनीष सजवाण, प्रदीप सजवाण, संदीप तिवारी, राजेंद्र चौधरी प्रखंड अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, अभिषेक प्रखंड मंत्री बजरंग दल वीरभद्र ऋषिकेश, गणेश उनियाल सह मंत्री प्रखंड रानी पोखरी, विक्रम चंद प्रखंड उपाध्यक्ष भानियावाला, राकेश कुकरेती खंड अध्यक्ष डोईवाला बजरंग दल, संतोष राजपूत जिला अध्यक्ष डोईवाला बजरंग दल आदि उपस्थित थे।

## घरों-मंदिरों में हुई मां कूष्मांडा की पूजा

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
शारदीय नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को घरों और मंदिरों में माता रानी के कूष्मांडा स्वरूप का पूजन किया गया। माता के दरबार में दिनभर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहा। ह्यचलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है, के जयकारे गूंज रहे हैं।
महिलाएं हाथों में नारियल और चुनरी लेकर पूजा-अर्चना करने पहुंचीं। श्रद्धालु व साधक अनेक प्रकार से भगवती की अनुकम्पा प्राप्त करने के लिए व्रत-अनुष्ठान व साधना करते दिखाई दिए। हल्द्वानी के मंदिरों में सुबह छह बजे से भक्तों की भीड़ लगना शुरू हो गई थी। प्राचीन माता मंदिर, जगदंबा माता मंदिर, शीतला माता मंदिर, कालीचौड़ माता मंदिरों में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा।

## स्मैक के नशे ने छीन लिया 2 बच्चों के सिर से पिता का साया

जानलेवा नशा

**8 भाई संजय कुमार ने बताया कि विजय पिछले करीब 6 माह से स्मैक के नशे की गिरफ्त में आ गया था।**



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
स्मैक के जानलेवा नशे ने एक और जिंदगी लील ली है। दो बच्चों का एक पिता जो क्रिकेट और फुटबॉल का अच्छा खिलाड़ी था। वह कुमाऊं मंडल विकास निगम का कर्मचारी भी था।
घर की स्थिति अच्छी थी। एक और भाई भी निगम और एक अन्य भाई व बहनोई उत्तराखंड पुलिस में कार्यरत थे। गत 27 जुलाई को उसने निगम की संचालित रोप-वे में तकनीकी खराबी आने पर बच्चों व विदेशी नागरिकों को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। कई डरे-सहमे बच्चों को अपनी गोद में लेकर रस्सी के सहारे कई मीटर की ऊंचाई से उतारकर उनकी जान बचाई थी। आज उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गयी। इसका कारण जानलेवा स्मैक को माना जा रहा है।
मृतक 42 वर्षीय विजय कुमार पुत्र जीवन लाल निवासी नारायण नगर के भाई संजय कुमार ने बताया कि विजय पिछले करीब 6 माह से स्मैक के नशे की गिरफ्त में आ गया था। उसकी काउंसिलिंग भी कराई जा रही थी, लेकिन स्मैक के नशे ने उसके अमूल्य जीवन को तबाह कर छीन लिया। बताया गया है कि मृतक का पुत्र नारायण नगर में हो रही रामलीला में बीती रात्रि अभिनय कर रहा था। विजय भी रामलीला देखने पहुंचा था। रामलीला से लौटने के बाद रात्रि 3 बजे परिजनों ने उसकी कुशल ली थी, लेकिन सुबह वह अपने कमरे में फंदे पर लटका मिला। परिजन उसे बचाने की कोशिश में बीडी पांडे जिला चिकित्सालय लाये, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी।
सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पंचनामा भरने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिये भिजवा दिया है।

## तोली के ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी विकास खंड के ग्राम पंचायत रानौ के तोक तोली के ग्रामीणों ने बुधवार को जिलाधिकारी चमोली को एक ज्ञापन सौंप कर तोली में पेयजल लाइन मुहैया करवाने की मांग की है।
तोली के ग्रामीण प्रभा देवी, लीला देवी, देवकी देवी, भागा देवी, जयंती देवी का कहना है कि ग्राम पंचायत रानौ के तोक गांव तोली गांव में पेयजल लाईन न होने के कारण ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।
उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत रानौं में पेयजल लाइन बिछाई गयी, लेकिन तोक गांव तोली को पेयजल सुविधा से वंचित रखा गया है। उनका कहना है कि इस संबंध में कई बार पोखरी और गोपेश्वर के जल संस्थान के अधिकारियों को लिखित और मौखिक तौर से सूचना दी गई है लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

## विद्यामंदिर इंटेलेक्ट क्वेस्ट 28 और 29 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**जेईई मेन,** जेईई एडवांस, नीट, ओलंपियाड और बोर्ड समेत तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मशहूर विद्या मंदिर क्लासेस (वीएमसी) ने अपने बहुप्रतीक्षित इवेंट ऑफ द ईयर विद्या मंदिर इंटलेक्ट क्वेस्ट लॉन्च कर दिया है। क्लास 5 से क्लास 11 के बच्चों को ध्यान में रखकर कराए जाने वाले इस प्रोग्राम का नेशनल टेस्ट 28 अक्टूबर व 29 अक्टूबर 2023 को कराया जाएगा।
वीएमसी का ये वीआईक्यू प्रोग्राम छात्रों को उनकी क्षमताएं बढ़ाने और स्कूल समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का अवसर प्रदान करता है। वीआईक्यू में हिस्सा लेकर छात्र अपनी परफॉर्मेंस को सुधारते हैं, कहां सुधार करना है उसे पहचानते हैं और अपनी स्ट्रैंथ वीकनेस का पूरा आकलन कर पाते हैं। इस साल वीआईक्यू में खास है पावर 10। इसमें चार शानदार ऑफर के साथ साल के 6 ज्वाइनिंग बेनिफिट्स हैं जो अकेडमिक और करियर ग्रोथ में शानदार अवसर प्रदान करते हैं। वीआईक्यू में अच्छा परफॉर्म करने वाले छात्रों के पास 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप पाने का मौका रहता है और उन्हें वीएमसी के ऑफलाइन व ऑनलाइन प्रोग्राम में पसंदीदा प्रोग्राम में एडमिशन मिलता है।

क्वेस्ट लॉन्च

**8 सीओई में बच्चों को एक्सपर्ट फैकल्टी से टॉप टियर एजुकेशन पाने का मौका मिलता है**

चयनित 10वीं कक्षा के छात्र जो 11वीं कक्षा में आगमन कर रहे हैं, वे नवंबर में अपना 11वीं कक्षा का पाठ्यक्रम पूरी तरह से मुफ्त में आरंभ करने का लाभ उठा सकते हैं। एक जल्दी से कदम बढ़ाने का लाभ जो उन्हें एक महत्वपूर्ण अग्रणी दिलाने में मदद करेगा और प्रतिस्पर्धा को पीछे छोड़ने में मदद करेगा। क्लास 10 के वो छात्र जो 11वीं में जाने वाले हैं उनमें से तीन टॉप परफॉर्मर बच्चों को वीएमसी के प्रसिद्ध स्टडी सेंटर सिटाडेल ऑफ एक्सीलेंस में पढ़ाई का मौका मिलेगा। सीओई में बच्चों को एक्सपर्ट फैकल्टी से टॉप टियर एजुकेशन पाने का मौका मिलता है और कोचिंग की एडवांस सुविधाओं को इस्तेमाल करना का भी चांस रहता है जिससे छात्रों को पढ़ाई के दौरान बहुत ही अच्छा वातावरण मिलता है।

## गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितयों में मृत मिला व्यक्ति

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक अधेड़ व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिला। पुलिस ने शव को पंचनामा के उपरांत पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।
आज सुबह नगर के मल्लीताल गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में एक व्यक्ति सड़क पर बेसुध अवस्था में पड़ा देखा गया। इस पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस उसे बीडी पांडे जिला चिकत्सालय ले गयी, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पशु क्रूरता अधिनियम में तीन गिरफ्तार, अवैध मांस दबाया गया

पशुओं का कटान

**8 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत बुधवार को दिलशाद, साजिद और कुर्बान को गिरफ्तार किया है। साजिद पुत्र सद्दीक फरार है**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पशु क्रूरता अधिनियम के तहत बुधवार को दिलशाद, साजिद और कुर्बान को गिरफ्तार किया है। साजिद पुत्र सद्दीक फरार है। थाना सहसपुर ने साजिद की दुकान पर 304 किलो मांस बरामद किया है और तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मांस गड्ढा खोदकर दबा दिया गया है।
एसएसपी देहरादून द्वारा अवैध रूप से पशुओं का कटान कर बूचड़खाने चलाने व बिना लाइसेंस के मांस का विक्रय करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किये जाने को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में थाना सहसपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम खुशहालपुर में पशुओं का अवैध कटान कर बिना लाइसेंस मांस विक्रय करने की शिकायत पर आज थानाध्यक्ष सहसपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्राम खुशहालपुर में साजिद पुत्र सादिक की दुकान पर छापा मारकर अवैध रूप से पशुओं का कटान कर मांस का विक्रय करने पर 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। आरोपितों में दिलशाद पुत्र जिंदा हसन, साजिद पुत्र हसन, कुर्बान पुत्र फयाज गिरफ्तार किए गए हैं जबकि साजिद पुत्र सद्दीक भागने में कामयाब रहा है।

## चतुर्थ केदार रुद्रनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए हुए बंद

### बुधवार को रुद्रनाथ की उत्सव डोली मोली खर्क में करेगी रात्रि विश्राम



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के चमोली जिले में मध्य हिमालय की 11 हजार सात सौ फीट की ऊंचाई पर स्थित चतुर्थ केदार भगवान रुद्रनाथ मंदिर के कपाट बुधवार को शीतकाल के लिये विधि विधान के साथ ब्रह्म मुहूर्त में बंद कर दिये गये। अब शीतकाल में चतुर्थ केदार श्री रुद्रनाथ की पूजा-अर्चना और दर्शन शीतकालीन गद्दी स्थल गोपेश्वर गोपीनाथ मंदिर में श्रद्धालु कर सकेंगे। बुधवार को उत्सव डोली रुद्रनाथ से चलकर मोली खर्क में रात्रि विश्राम करेगी।
बुधवार को परंपरा के अनुसार मंदिर के मुख्य पुजारी जर्नादन प्रसाद भट्ट ने भगवान रुद्रनाथ को स्नान कराया गया। इसके बाद महाअभिषेक, रुद्राभिषेक पूजाएं संपन्न कराई गईं। मुख्य पुजारी की ओर से भगवान रुद्रनाथ के विग्रह का हिमालयी पुष्पों, जड़ी बूटियों व वनस्पतियों से मंत्रोच्चार के साथ ढका गया। इसके बाद कपाट शीतकाल के लिये बंद कर दिये गये। कपाट बंद होने के बाद भगवान रुद्रनाथ जी की उत्सव डोली आज रात्रि विश्राम मोली खर्क में करेगी। 19 अक्टूबर को मोली खर्क से सगर गांव में दिन का भोग लगाने के बाद रात्रि विश्राम के लिए गंगोलगांव पहुंचेगी।
20 अक्टूबर को गंगोलगांव से भगवान रुद्रनाथ की उत्सव शीतकालीन गद्दी स्थल गोपीनाथ मंदिर में पहुंचेगी। जहां शीतकाल में तीर्थयात्री भगवान रुद्रनाथ के दर्शन और पूजा अर्चना की जाएगी।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने 250 कस्टमर टचपॉइंट्स की उपलब्धि हासिल की

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून। स्कोडा ऑटो इंडिया** ने उत्पादों को लेकर आक्रामक रणनीति लॉन्च करने और त्यौहारों के लिये अपनी खास पेशकशों की घोषणा करने के साथ, भारत में अपने नेटवर्क को 250 कस्टमर टचपॉइंट्स का बनाने की उपलब्धि हासिल की है। कंपनी की ज्यादा बिकने वाली कारें- कुशाक एसयूवी और स्लाविया सेडान भारत में स्कोडा ब्राण्ड की तरक्की में महत्वपूर्ण हैं। इसके साथ ही, ग्राहकों पर केन्द्रित होने के लिये काफी ध्याान दिया गया है और इसमें नेटवर्क के विस्तार की एक महत्वपूर्ण भूमिका है।

उपलब्धि

**8 हमारा 250वां कस्टमर टचपॉइंट देश में आंकड़ों और पहुँच के लिहाज से एक उपलब्धि है**

इस उपलब्धि पर बात करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्राण्ड् डायरेक्टर पेट्र सोल्क ने कहा कि भारत में स्कोडा की वृद्धि की रणनीति हमारी उत्पा्द श्रृंखला को बेहतर बनाने के बारे में है और यह सुनिश्चित करती है कि हम अपने ग्राहकों के लिये ज्यादा करीब और सुलभ रहें।
हमारा 250वां कस्टमर टचपॉइंट देश में आंकड़ों और पहुँच के लिहाज से एक उपलब्धि है। हम अपने नेटवर्क को बढ़ाना और ग्रहाकों के स्वामित्वप के अनुभव को बेहतर बनाना जारी रखेंगे। इससे स्कोडा परिवार में ज्यादा ग्राहकों का स्वागत होगा और उन्हें बाजार की सबसे सुरक्षित कारें प्रदान की जाएंगी।

## संपादकीय

# भारत तीसरी अर्थव्यवस्था शीघ्र बनने को प्रतिबिंबित

**वैश्विक** स्तरपर जब कोविड महामारी से उभरते हुए पूरी दुनियां की खस्ताअर्थव्यवस्था मंदी की के साए में घिरी हुई थी, तब भारत अपनी कौशलता, बौद्धिक क्षमता व नेतृत्व के बल पर वैक्सीन बनाकर पूरी दुनियां के करीब 150 देश को कोरोना वैक्सीन आपूर्ति कर रहा था और अर्थनीति के बल पर ब्रिटिशकी अर्थव्यवस्था को पच्छाड़कर पांचवी अर्थव्यवस्था बनकर खड़ा हो गया था और लगातार यह क्रम जारी रहा अपने सभी कार्य क्षेत्रों के इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने की और चल पड़ा था और इसका नतीजा यह हुआ कि भारत तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के क्रम में प्रतिबिंब होने की कगार पर खड़ा है जिसमें, अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ समुद्री इंडस्ट्री की भी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना जरूरी है। क्योंकि इसके मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर बनाकर लॉजिस्टिक लगता को कम किया गया है, जिससे आयात निर्यात डिस्ट्रीब्यूशन में अधिक सहायता मिली है इसी के साथ-साथ सागरमाला कालासागर लाल सागर सहित तटीय परियोजनाओं से समुद्री उद्योग को विशालता प्रदान करने में सहायता मिली। समुद्र आधारित उद्योग सागरों और महासागरों से प्राप्त उत्पादों का उपयोग कच्चे माल के रूप में करते हैं। इस प्रकार आप ऐसे समझे की जिस उद्योग के लिए समुद्र या सागर से कच्चा माल आता है, उसे समुद्र आधारित उद्योग कहते हैं, इसके मुख्य उदाहरणों की बात करें तो इनमे - समुद्री खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और मत्स्य तेल निर्माण इसके मुख्य उदाहरण हैं। चूंकि वैश्विक तीसरा समुद्री शिखर सम्मेलन भारत मुंबई में 17 -19 अक्टूबर 2023 से शुरू है जिसका उद्घाटन 17 अक्टूबर 2023 को हमारे माननीय पीएम द्वारा किया गया है, इसलिए आजहम मीडिया पीआईबीमें उपलब्धजानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेवैश्विक समुद्री शिखर सम्मेलन में व्यापक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व से भारत दुनियां की तीसरी अर्थव्यवस्था शीघ्र बनने को प्रतिबंधित करता है।

साथियों बात अगर हम वैश्विक समुद्री शिखर सम्मेलन 17 - 19 अक्टूबर 2023 को समझने की करें तो, यह शिखर सम्मेलन देश का सबसे बड़ा समुद्री कार्यक्रम है और इसमें यूरोप, अफ्रीका,दक्षिण अमेरिका और एशिया (मध्य एशिया, मध्य पूर्व और बिम्सटेक क्षेत्र सहित) के देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले दुनियां भर से मंत्री भाग लिए है। शिखर सम्मेलन में दुनियां भर से सीईओ, व्यापारिकहस्तियां निवेशक, अधिकारी और अन्य हितधारक भी भाग लिए हैं। इसके अलावा, शिखर सम्मेलन में कई भारतीय राज्यों का प्रतिनिधित्व भी मंत्रियों और अन्य गणमान्य हस्तियों द्वारा किया गया है।इस तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में समुद्री क्षेत्र के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा और विचार-विमर्श किया जा रहा है, जिसमें भविष्य के बंदरगाहों,; डीकाबोर्नाइजेशन; तटीय शिपिंग और अंतदेर्शीय जल परिवहन; जहाज निर्माण; मरम्मत और पुनर्चक्रण; वित्त, बीमा और मध्यस्थता; समुद्री समूह; नवाचार एवं प्रौद्योगिकी; समुद्री सुरक्षा और संरक्षा; और समुद्री पर्यटन शामिल हैं। यह शिखर सम्मेलन देश के समुद्री क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है।

# नवरात्रि पर मिशन शक्ति के माध्यम से नारी सशक्तिकरण

मृत्युंजय दीक्षित

> "योगी सरकार की ओर से प्रदेश की बेटियों महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षित यात्रा के लिए परिवहन विभाग की सिटी बसों में सीसीटीवी कैमरे के संग पैनिक बटन भी लगाये जा रहे हैं। मिशन शक्ति अभियान का श्रीगणेश करते समय मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मिशन शक्ति के कारण अपराधियों पर लगाम लगाने व उनको सजा दिलाने में सफलता मिली है। महिला आरक्षी दल को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2020 में नारी सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन को लेकर मिशन शक्ति अभियान की शुरूआत की गई थी। इसके तहत प्रदेश पुलिस में 20 प्रतिशत महिला कर्मियों की भर्ती को सुनिश्चित किया गया था। 1947 से लेकर 2017 तक यूपी पुलिस में महिला कार्मिक दस हजार के आसपास थीं जो अब बढ़कर 40 हजार हो गई हैं"

नारी सुरक्षा तथा नारी सम्मान को बढ़ावा देने एवं स्त्रियों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नवरात्रि के पावन अवसर पर विगत तीन वर्षों से मिशन शक्ति का आयोजन किया जाता रहा है। इस नवरात्रि पर योगी सरकार ने मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण का श्रीगणेश किया। प्रत्येक सनातनी की भांति प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी नवरात्रि में नौ दिनों का व्रत रखते हैं और गोरखनाथ पीठ में परम्परानुसार कन्या पूजन करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न केवल कन्या पूजन करते हैं वरन प्रदेश की बेटियों का जीवन सुरक्षित, समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए भी वह संकल्पवान हैं। योगी जी की इच्छा है कि मां दुर्गा के नौ रूपों के अनुरूप ही प्रदेश की बेटियां का जीवन भी हो और उन्हें पर्याप्त आदर व सम्मान मिले। योगी सरकार के मिशन शक्ति अभियान और उनके द्वारा की जा रही कन्या पूजन के कारण प्रदेश का विपक्ष भी दबाव का अनुभव कर रहा है और इसी दबाव को कम करने के लिए कांग्रेस पार्टी ने भी नरम हिंदुत्व का नकली चोला ओढ़कर कन्या पूजन करवाने का फैसला लिया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा महिलाओं व बेटियां के लिए चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की सफलता से प्रेरित होकर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने पिछले चुनावों में ह्लमैं लड़की हूं लड़ सकती हूंह्व का नारा भी दिया था किंतु कथनी और करनी के विरोधाभासों के चलते यह नारा बुरी तरह विफल रहा।संसद व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम -2023 के पारित हो जाने के बाद अब भाजपा ने हर विधानसभा क्षेत्र में बड़ा सम्मेलन करने की योजना बनाई है वही मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बेटियों के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रसार करने का अभियान भी चलाया जा रहा है। योगी सरकार आने के बाद प्रदेश में महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा के लिए विविध योजनायें प्रारम्भ की गई हैं और उनका सुचारु संचालन भी किया जा रहा है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का परिणाम है कि आज प्रदेश में महिलाओं की आय पहले से अधिक हो गई है। विगत वित्त वर्ष में जुलाई से सितंबर के मध्य ग्रामीण महिलाओं की आय 8,936 रुपए थी जा अप्रैल से जून 23 के बीच 20 हजार से अधिक हो गई है। केंद्र सरकार के पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे में उत्तर प्रदेश में महिलाओं



की आय में लगातर वृद्धि हो रही है। ग्रामीण महिला श्रम बल भागीदारी दर के अनुसार वर्ष 2018- 19 में यह दर लगभग 20 प्रतिशत थी जो बढ़कर 2022 -23 में यह दर 56 फीसदी तक पहुंच गई है। मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण में सरकार ग्रामीण और शहरी महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आजीविका गतिविधियों से जोड़ने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। मिशन के चतुर्थ चरण को महिला स्वास्थ के प्रति समर्पित किया गया है। इसमें महिलाओं को उनके स्वास्थ्य से सम्बंधित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। 30 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को मधुमेह, उच्च रक्तचाप, स्तन व सर्वाइकल कैंसर का निःशुल्क परामर्श दिया जा रहा है। प्रदेश की कुपोषित बालिकाओं के लिए विशिष्ट पोषण पुनर्वास केंद्र बनाने का भी फैसला लिया गया हे। योगी जी प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा को लेकर बहुत ही सचेत तथा कठोर हैं । वे कई अवसरों पर वह स्पष्ट संदेश दे चुके हैं कि प्रदेश की सीमा के अंदर अगर कोई भी व्यक्ति हमारी बहिन बेटियो की सुरक्षा में किसी भी प्रकार से सेंध लगाने का प्रयास करेगा तो ऐसे तत्वों को अगले चौराहे पर यमराज प्रतीक्षा करता मिलेगा। योगी जी की चेतावनी का असर भी दिखाई पड़ा है। सरजू एक्सप्रेस में महिला पुलिसकर्मी से अभद्रता व छेड़छाड़ करने वाले बदमाशों का एनकाउंटर किया गया। बेटियों की सुरक्षा के लिए योगी सरकार ने पहली बार ही अपनी पहली ही बैठक में एंटी रोमियो स्कवायड का गठन किया था जिसकी तत्परता से अब तक सैकड़ों शोहदों को दबोचा जा चुका है। एंटी रोमियो स्क्वायड शोहदों पर कहर बनकर टूटा है। लव जिहाद की शिकार बेटियां को बचाने के लिए भी पुलिस अब तत्परता से कार्यवाही कर रही है। योगी सरकार की ओर से प्रदेश की बेटियों महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षित यात्रा के लिए परिवहन विभाग की सिटी बसों में सीसीटीवी कैमरे के संग पैनिक बटन भी लगाये जा रहे हैं। मिशन शक्ति अभियान का श्रीगणेश करते समय मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मिशन शक्ति के कारण अपराधियों पर लगाम लगाने व उनको सजा दिलाने में सफलता मिली है। महिला आरक्षी दल को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2020 में नारी सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन को लेकर मिशन शक्ति अभियान की शुरूआत की गई थी। इसके तहत प्रदेश पुलिस में 20 प्रतिशत महिला कर्मियों की भर्ती को सुनिश्चित किया गया था। 1947 से लेकर 2017 तक यूपी पुलिस में महिला कार्मिक दस हजार के आसपास थीं जो अब बढ़कर 40 हजार हो गई हैं।योगी ने कहा कि अब महिला बीट गांव- गांव जाकर महिलाओं को जागरूक करने का भी काम करेंगी। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत प्रदेश भर में महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक करने का अभियान चलाया जा रहा है।बाल अधिकार सप्ताह, शक्ति संवाद, स्वावलंबन कैंप और मिशन कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।प्रदेश में निराश्रित व विधवा महिलाओं को दी जा रही पेंशन का भी व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।प्रदेश में गरीब परिवारों की बेटियां का विवाह करवाया जा रहा है। वहीं प्रदेश की बेटियों को स्नातक तक की पढ़ाई के लिए 15 हजार रुपये की धनराशि सरकार की ओर से दी जा रही है। बेटियां की सुरक्षा के लिए जगह -जगह पिंक बूथ बनाये गये हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगलम योजना के लिए करोड़ों रुपये की व्यवस्था की जाती है। महिलाओं व बेटियों को ध्यान में रखते हुए रष्ट्रीय पोषण अभियान कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। स्कूल -कालेजों में बेटियों को स्वतः सुरक्षा के गुर भी सिखाये जा रहे हैं जैसे जूडो- कराटे आदि। कालेजों में बेटियां को सुरक्षित रहने के लिए उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी बताया जा रहा है। केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल से जल योजना का लाभ गरीब महिलाओं का मिल रहा है जिन्हें काफी दूर से जल लाना पड़ता था। आज प्रदेश में तीन तलाक पीड़ित मुस्लिम महिलाओं को भी उनके भरण पोषण के लिए पेंशन दी जा रही है। योगी जी के नेतृत्व में नए भारत का नया उत्तर प्रदेश सफलता की नई कहानी कह रहा है। प्रदेश की महिलाओं को अब सरकार की हर योजना का लाभ शत प्रतिशत पारदर्शी रूप से मिल रहा है। केंद्र की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत यूपी में 1.90 करोड़ बेटियों को जागरुक किया गया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत 8.99 करोड़ महिलाओं को जागरुक किया जा चुका है। प्रदेश में 1,89,014 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं और अब इन सभी केंद्रों में कुपोषण मिटाने के लिए निःशुल्क पका भोजन भी प्राप्त होने जा रहा है।प्रदेश में महिला कल्याण के लिए अब तक 10 लाख स्वयं सहायता समूह बनाये गये हैं और उनमें एक करोड़ महिलाओं को जोड़ा गया है। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत दो लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं। योगी सरकार आने के बाद प्रदेश में सरकारी नौकरियों में अब तक डेढ़ लाख से अधिक महिलाओं को नौकरी प्राप्त हो चुकी है। आज प्रदेश की बेटियां जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नई कहानियां गढ़ रही हैं।अभी एशियाई खेलों में भी प्रदेश की बेटी पारुल चौधरी ने स्वर्ण पदक जीतकर कीर्तिमान रचा। वहीं भारत के चंद्रयान की सफलता में लखनऊ की डा रितु ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता अर्थात जहां नारियों का सम्मान होता है वहां देवताओं का निवास होता है और आज यही कार्य प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर रहे हैं। उप्र सरकार ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना के साथ मिशन शक्ति के रूप में सामाजिक संदेश का जो माध्यम चुना है उसका सकारात्मक प्रभाव दिख रहा है। आज प्रदेश की सभी महिलाएं व बेटियां अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रही हैं।

## कविता

लफ़्ज़ों से खेलने का सलीका सिखा गया
फन बन के वो वजूद में मेरे समा गया

ये उस के दिल से निकली दुआओं का फैज है
दुनिया- ए- शायरी पे जो मैं आज छा गया

करता हूँ मैं उस आला से फनकार को सलाम
जो मुझ से संग रेजे को हीरा बना गया

शायद कि आँधियों की जमानत थी उस के पास
वो इक दिया हवाओं की जद पर जला गया

जब गर्दिशों की होने लगीं मुझ पे बारिशें
वो साएबान बन के मेरे सर पे छा गया

ये कौन मेरे ध्यान की सीढ़ी पे धर के पाँव
चुपके से सहने- कल्ब में ऐ दोस्त आ गया

इक शख़्स मेरी आँखों के आँगन में आन के
बैठा ही था कि उठ के अचानक चला गया

क्या अजनबी था जो फकत इक रात काट के
मेरी सराए- दिल का मुकद्दर जगा गया

जकी तारिक

## शिवराज की पांचवी शपथ में कितने विध्न?

**नरेंद्र तिवारी**

**मध्यप्रदेश में** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लेकर अनेकों तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। इन चचाओं को भाजपा आलाकमान की कार्यप्रणाली से अधिक बल मिलता दिखाई दे रहा है। एमपी की राजनीति में सबसे बड़ा सवाल यह बना हुआ कि चार बार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के पद की शपथ ग्रहण कर चुके प्रदेश के मामा याने की शिवराज सिंह चौहान पांचवी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण कर पाएंगे या नहीं ? शिवराज की पांचवी शपथ में कितने विध्न और कितनी बाधाएं है। शिवराज की राह में रोड़ा बनी इन विध्न बाधाओं पर नजर दौड़ाई तो तो पाया कि एमपी में 17 नवम्बर को विधानसभा की 230 सीटों पर मतदान होना है। दिसम्बर की 3 तारिख को परिणाम घोषित होगा। विधानसभा चुनाव को अब जबकि एक माह से भी कम समय शेष है। प्रदेश की सत्ता पर काबिज भाजपा के आलाकमान की नीति मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पीछे धकेलती दिखाई दे रही है। वह शिवराज जिन्होंने एमपी में सबसे अधिक समय मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड बनाया है। वह शिवराज जो एमपी से करीब 5 बार विदिशा से लोकसभा सदस्य रह चुके। वह शिवराज जो भाजपा के सांगठनिक पदों का भी लम्बा अनुभव रखते है। एमपी में मामा के नाम से विख्यात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जनता के परिचित और चुनाव जिताऊ चेहरे माने जाते रहे है। प्रदेश की राजनीति के अमृत समझे जाने वाले शिवराज क्या अब भाजपा के लिए अमृत नहीं रहे ? भाजपा आलाकमान की अब तक कि नीति तो यहीं दशार्ती प्रतीत हो रही है। जिसके अनुसार मुख्यमंत्री शिवराजसिंह को कमतर औ? किनारे करने की तस्वीर बनती दिखाई दे रही है। इसका उदाहरण 21 अगस्त को भोपाल के दौरे पर भाजपा के वरिष्ठ नेता गृह मंत्री अमित शाह से जब पत्रकारों ने पूछा था कि आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की और से मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा ? उन्होंने इसके जवाब में कहा शिवराज अभी मुख्यमंत्री हैं ही, चुनाव के बाद मुख्यमंत्री कौन होगा, ये पार्टी का काम है और पार्टी ही तय करेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के बयान के सीधे मायने यह निकाले जा रहे है कि एमपी में शिवराज के चेहरे पर भाजपा 2023 का विधानसभा चुनाव नही लड़ने जा रही है। इसी क्रम में 25 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यकर्ता महाकुंभ में शामिल हुए। भोपाल के जम्बूरी मैदान में 40 मिनिट दिए अपने भाषण में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम एक बार भी नही लिया। इसे लेकर प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोप लगाया की प्रधानमंत्री ने शिवराज के नाम और काम दोनों से कन्नी काट ली है। इन सब चचाओं के बीच मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का चौथी सूची में विधानसभा उम्मीदवार के रूप में नाम घोषित होना भी इस बात का संकेत माना गया कि भाजपा आलाकमान यह मान चुका है कि शिवराज अब भाजपा के लिए अमृत नहीं रहे।

## विचार

# भारत की अर्थव्यवस्था पर चोट, प्रभावी अंकुश जरूरी

**संजीव**

**विगत** दो दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है' इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है' इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति है' भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा,तक्षशिला, शांति निकेतन,और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वही भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है की विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है।

इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम खर्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका,ऑस्ट्रेलिया, कनाडा,सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों का पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं।भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो,पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है।यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाए, और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वही के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते है। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं, इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को ना होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती है इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए और भारतीय शिक्षा पद्धति तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए नुकसानदेह भी है। भारत ने आसियान देशों के एक हजार छात्रों के लिए फैलोशिप कि 2018 में योजना बनाकर राशि आवंटित की थी। हर साल 200 से 300 छात्रों को बड़े तकनीकी संस्थानों में डॉक्टरेट की उपाधि देने की योजना बनाई थी। पर बीते वर्ष केवल आसियान देशों के 45 छात्रों ने पंजीयन करवाया था,इस तरह विकासशील देशों के छात्र भी भारत में पढ़ाई के लिए आकर्षित नहीं हो रहे हैं। मानव संसाधन विभाग को उच्च शिक्षा उपयोगी और व्यवसायिक शिक्षा के रूप में दी जानी चाहिए, जिस की उपयोगिता रोजमर्रा के कामों में हो सके और शिक्षा के माध्यम से युवकों को शत-शत रोजगार प्राप्त हो सके। तभी प्रतिभा पलायन में अंकुश लग हमारी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता बढ़ेगी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मुंबई - गोवा महामार्ग पर जानलेवा गड्ढों का साम्राज्य

**निर्मल रानी**

**जब कभी** स्थानीय मार्गों,महामार्गों या राज मार्गों पर गड्ढों की या उनके क्षतिग्रस्त होने की बात होती थी तो पहला नाम बिहार राज्य की सड़कों का आता था। परन्तु पिछले एक दशक से बिहार ने खराब व गड्ढेदार सड़कों का कलंक अपने माथे से लगभग मिटा दिया है। हालाँकि बिहार में भी मुख्य मार्गों से अलग हटकर शहरी या देहाती क्षेत्रों में अभी भी तमाम गड्ढेदार सड़कें मिल जाएँगी। परन्तु निश्चित रूप से बिहार, सड़क बिजली व पानी जैसी जिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव का कलंक दशकों से ढोता आ रहा था उससे अब यह राज्य उबर चुका है। बात जब भी खराब सड़कों की होती है तो इसकी जिम्मेदारी सबसे पहले भ्रष्ट व्यवस्था को दी जाती है। और यह आरोप पूर्णतयः सच भी है कि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी अधिकांश योजनायें व इसके अंतर्गत होने वाले कोई भी निर्माण समय पूर्व ही क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। यहाँ तक कि कई निर्माण तो पूरा होने के पहले ही क्षतिग्रस्त होने लग जाते हैं। सड़क, गलियां, नाले,नालियां,बांध, सरकारी इमारतों के निर्माण कार्य,पार्क,भूमिगत मार्ग,तालाब आदि सब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने वाली योजनाओं की श्रेणी में आते हैं। यहाँ तक कि रेलवे में भी निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार देखा जा सकता है। अब हद तो यह है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने वाला देश का सबसे बड़ा पर्यटन स्थल गोवा भी पिछले कई महीनों से भ्रष्टाचार से डूबे महामार्ग का कलंक झेल रहा है। पिछले दिनों मुझे मुख्य महामार्ग से मुंबई से गोवा जाने का अवसर मिला। विश्वास कीजिये कि अपने लगभग चार दशकों के बिहार आवागमन के दौरान भी कभी ऐसी कष्टदायक सड़क बिहार में भी नहीं देखी जो पिछले दिनों मुंबई से गोवा जाते समय में देखनी पड़ी।

प्रातः लगभग 9 बजे मुंबई के पनवेल से शुरू हुआ कार का सफर रात 12.30 पर गोवा पहुँच कर समाप्त हुआ। रास्ते में सड़कों के गड्ढों के कारण जो असुविधा व कष्ट उठाना पड़ा वह अलग। पिछले दिनों मुंबई से गोवा महामार्ग के गड्ढे भरे जाने की मांग को लेकर मुंबई हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गयी थी।

## 'दिखावा' तेजी से फैलता एक सामाजिक रोग

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**किसी** भी चीज का दिखावा करने की आपको कोई जरूरत नहीं है क्योंकि इससे क्षणिक फायदा मिलता है। हमें कुछ भी काम करना है वह दूर दृष्टि को ध्यान में रखते हुए करना है। अपनी क्षमताओं को बढ़ाइए और यह सब पॉसिबल होगा जब आप अच्छी बातों को अपने जीवन में धार लेंगे। यह आप जीवन के किसी भी पड़ाव पर कर सकते हैं तो फिर दिखावे की क्या जरूरत है? इंसान को केवल अपना मानसिक संतुलन बराबर रखते हुए आत्मविश्वास की चरम प्रकाष्ठा पर पहुंचना होगा। इसमें पहुंचने का सबसे आसान तरीका है कि वह अपने को सादा जीवन और उच्च विचार वाली कहावत पर चरितार्थ करें। हमें जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए बहुत कुछ अपने अंदर बदलाव करने होंगे वह सब आसानी से कर सकते हैं सिर्फ सोच को सकारात्मक बना ले। आज का युग आधुनिक युग है, जहां हर क्षेत्र में विकास देखने को मिलता है। पूरी दुनिया पर आधुनिकता का भूत सवार हो चुका है। आधुनिकता का सीधा संबध विकास से दिखाई देता है। उद्योग से लेकर प्रयोग तक यह संसार बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। पीछे मुड़कर देखना नहीं चाहते हैं हम इस विकास की दौड़ में हम मानवता को भूल चुके हैं। हम एक बार भी पीछे मुड़कर देखना भी नहीं चाहते हैं, जो एक बड़ी भूल साबित हो सकती है। कहते हैं कि इतिहास अपने आप को दोहराता है, जो हमें समय-समय पर देखने को भी मिलता है।

इतना होने के बावजूद हम कुछ सीखने के मूड में नहीं हैं। आज के दौर में आनलाइन प्लेटफार्म पर निजी जीवन का अनावश्यक दिखावा इस कदर बढ़ गया है कि हम जो खाएं, पीएं, घूमने जाएं, उसे आनलाइन प्लेटफार्म पर डालना जैसे हमारी ड्यूटी में शामिल हो गया है। नई चीज खरीदते हैं तो उसे फेसबुक पर अपलोड करना नहीं भूलते। परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के दौरान खींची निजी तस्वीरों को भी लोग साझा करने से नहीं चूकते। जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ेगी, आपके आचार, विचार और व्यवहार में गंभीरता आएगी।

## न्यूज फ्लैश

### हार्पिक ने मॉमवाली दिवाली फेस्टिव कैम्पैन जारी किया

**गुरुग्राम।** भारत के लीडिंग बाथरूम क्लनिंग ब्रांड, हार्पिक बाथरूम क्लीनर ने अपना पहला फेस्टिव कैम्पैन मॉमवालीदिवाली जारी किया, जो परिवारों को आने वाले रोशनी के त्योहार के लिए घरों की सजावट करने में एक बड़ी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। दिल को स्पर्श करने वाला यह कैम्पैन बताता है कि कैसे प्रत्येक सदस्य खासकर जब बाथरूम की सफाई की बात होती है तो इस कार्य में गृहिणी का मदद कर सकता है। दिवाली की सफाई एक रिवाज की तरह है जिसे भारत के लोग बहुत गंभीरता से लेते हैं और पूरा परिवार गृहिणी की देखरेख में इस काम को करने के लिए एकजुट हो जाता है, गृहिणी इस मुहिम की अगुआ है और हर जगह परफेक्शन लाती है (माँ का आदर्श स्पर्श)। हालांकि, सबसे कठिन काम बाथरूम की सफाई होती है, जब इसकी बारी होती है तो गृहिणियों को अक्सर इस को पूरा करने के लिए अकेला छोड़ दिया जाता है। अगर परिवार भी इस काम में उसकी मदद करने के लिए आगे आए तो जश्न का आनंद कई गुना बढ़ सकता है। सौरभ जैन, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया – हाइजीन, रेकिट ने कहा, उपभोक्ताओं से सीधे संवाद के लिए लोकप्रिय हार्पिक ने इस साल फेस्टिव सीजन के लिए एक अनूठा तरीका अपनाया है। ब्रांड को एक नई दिशा देने के लिए, हार्पिक बाथरूम क्लीनर #मॉमवालीदिवाली के माध्यम से, हर काम को सही ढंग से पूरा करने में माँ के स्पर्श के महत्व को दशार्ता है, और उसका परिवार के कामों में हाथ बंटा कर उसकी मदद कर सकता है, खासकर दिवाली की सफाई के दौरान। इस दिल छू लेने वाली ब्रांड फिल्म का मकसद परिवारों को सफाई जैसे साधारण काम में एक साथ लाना है। हम यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि उपभोक्ता फिल्म को कैसे लेते हैं, यह उनके बीच एक अनूठा ब्रांड रिकॉल मोमेंट बनाने का एक प्रयास है।"

### ग्लेनमार्क फार्मा ने टाइप 2 डायबिटीज के लिए टेनेलिग्लिप्टिन + डैपाग्लिफ्लोज़िन + मेटफॉर्मिन की ट्रिपल-ड्रग एफडीसी को लॉन्च किया

**गाजियाबाद।** प्रमुख शोध-आधारित, ग्लोबल फार्मास्युटिकल कंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (ग्लेनमार्क फार्मा) ने भारत में डैपाग्लिफ्लोज़िन और मेटफॉर्मिन के साथ व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले टेनेलिग्लिप्टिन के पहले ट्रिपल-ड्रग फिक्स्ड-डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) को लॉन्च किया है। जीटा डीएम ब्रैंड के नाम से लॉन्च किए गए इस एफडीसी में एक निश्चित खुराक में डीपीपी4 इन्हीबिटर, टेनेलिग्लिप्टिन (20ॅ), एसजीएलटी2 इन्हीबिटर, डैपाग्लिफ्लोज़िन (10ॅ) और मेटफॉर्मिन एसआर (500ॅ/1000ॅ) शामिल हैं। टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों में ग्लाइसेमिक नियंत्रण में सुधार के लिए इसे प्रतिदिन एक बार लिए जाने की सलाह दी जाती है। इस लॉन्च के अवसर पर टिप्पणी करते हुए, आलोक मलिक, प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड- इंडिया फॉम्युर्लेशन्स, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, ने कहा, "भारत में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मधुमेह आबादी है और यहाँ टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों को अक्सर अनियंत्रित हीमोग्लोबिन ए1सी (एचबीए1सी), बीटा सेल डिसफंक्शन की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जो वजन बढ़ने जैसी अन्य सह-रोगिताओं सहित इंसुलिन स्राव को हानि पहुँचाता है। यही वजह है कि डायबिटीज का प्रबंधन मरीजों के लिए कठिन और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए एक चुनौती बन जाता है। डायबिटीज के इलाज में प्रमुख होने के नाते, हमें नवीनतम और किफायती डायबिटीज-रोधी दवा- जीटाः डीएम की पेशकश करने पर गर्व है। यह न सिर्फ उच्च एचबीए1सी और अन्य सह-रोगिताओं वाले वयस्क मरीजों के ग्लाइसेमिक नियंत्रण में सुधार करने में मदद करता है, बल्कि रीनल और हृदय संबंधी प्रतिकूल घटनाओं में भी कमी लाता है। इस सुदृढ़ प्रोफाइल के साथ, हम आश्वस्त हैं कि जीटाः डीएम, मरीज को डायबिटीज के लम्बे समय तक चलने वाले उपचार का पालन करने में सुविधा प्रदान करेगा।"

### ओकाया ईवी ने किया स्टाइलिश मोटोफास्ट स्कूबाईक का अनावरण

**नोएडा।** भारत के सबसे तेजी से विकसित होते ईवी ब्राण्ड ओकोया ईवी ने मोटोफास्ट के लॉन्च के साथ अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया है, इस तरह कंपनी ने पारम्परिक ई-स्कूटर को आधुनिक ह्यस्कूबाईकक्ष डिजाइन के साथ नई पहचान दी है। यह डिजाइन बाईक और स्कूटर के संयोजन के रूप में उपभोक्ताओं को नया अनुभव प्रदान करेगा, वे स्कूटर पर बाईक की सवारी का लुत्फ उठा सकेंगे, साथ ही यह ईवी आरामदायक राइड के साथ हैंडलिंग का भी बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। एक बार चार्ज होने के बाद यह स्कूटर 110-130 किलोमीटर की शानदार रेंज देता है और लोडिंग क्षमता के आधार पर अधिकतम 70 किलोमीटर प्रतिघण्टा की स्पीड पकड़ लेता है। अनूठे डिजाइन, शानदार फीचर्स एवं सुरक्षा के सख्त मानकों के साथ यह प्रोडक्ट परिवहन का स्टाइलिश, फीचर्स से भरपूर एवं सुरक्षित समाधान उपलब्ध कराता है। फीचर्स से भरपूर मोटोफास्ट रु 1,36,999 (एक्स-शोरूम) की कीमत पर उपलब्ध है। यह सात शानदार रंगों- सयान, रस्टी ओरेंज, रैड, व्हाईट, सिल्वर, मैट ग्रीन और ब्लैक में आता है।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश देने के लिए स्कूल पहुंची यशस्विनी बाईक रैली

## सीआरपीएफ आईजी जसबीर सिंह संधू ने किया बाईक रैली में मौजूद सीआरपीएफ महिला पुलिस बल का स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** **यशस्विनी बाईक** रैली के माध्यम से सीआरपीएफ की महिला पुलिस बल की टीम बाईक पर पूरे देश का भ्रमण कर रही है और लोगों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का सकारात्मक संदेश दे रही है। इसी कड़ी में मंगलवार की शाम को यह बाईक रैली शहर के रूकमनी देवी पब्लिक स्कूल में पहुंची, जहां पर रैली में भाग ले रही सीआरपीएफ महिला पुलिस बल का जोरदार स्वागत किया गया।



इस दौरान सीआरपीएम के महानिरीक्षक (आईजी) जसबीर सिंह संधू ने भी स्कूल में पहुंचकर बाईकर रैली का स्वागत किया। आईजी संधू ने कहा कि यह अभियान नारी सशक्तिकरण में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के अभियान से महिलाओं को सेना एवं पैरामिलिट्री सेनाओं में भर्ती होने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उठाए गए कदमों से महिलाओं की दिशा और दशा में बहुत सुधार हुआ हैं। इस अवसर पर संधू ने महिला बाइकर्स की प्रसंशा की और उनका हौंसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि यह बाईक रैली बेटियों को बचाने, पढ़ाने तथा आगे बढ़ाने के लिए लोगों की सोच को सकारात्मक बनाने के लिए अहम भूमिका निभा रही है क्योंकि हमारे विद्वानों और षि मुनियों ने भी मानव जाति को हमेशा यह संदेश दिया कि बेटियों को बचाने और पढ़ाने से ही हमारे समाज और देश का विकास होगा। रूकमनी देवी पब्लिक स्कूल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई, जिससे उपस्थित हर व्यक्ति को संदेश मिला कि हमें किस कारण हमारी बेटियों को बचाने और पढ़ाने की जरूरत है। इसके साथ ही सीआरपीएफ की बैंड टीम ने

## बासमती धान की खरीद नहीं होने से किसान परेशानः जयवीर सिंह



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा शहर** की अनाज मंडी में बुधवार को पहुंचे विधायक जयवीर सिंह ने कहा कि बीते चार दिनों से बासमती धान की खरीद नहीं होने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान ही नहीं बल्कि आढ़ती व मजदूर वर्ग भी चार दिनों से परेशान है। लेकिन सब कुछ जानते हुए भी केंद्र सरकार इस पर काम नहीं कर रही है। उन्होंने इस दौरान उपायुक्त सोनीपत से भी बात करते हुए मामले को उच्च स्तर पर पहुचाने की बात कही ताकि जल्द से जल्द बासमती धान की खरीद को शुरू करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में किसानों को इस प्रकार की परेशानी का सामना कभी भी नहीं करना पड़ा। लेकिन जब से भाजपा सरकार आई है किसी न किसी मुद्दे पर किसानों को परेशान करने का काम किया जा रहा है।

## बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री के बाहर से कर्मचारी की मोटरसाईकिल चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री के बाहर से मोटरसाई**किल चोरी होने का सिलसिला कम नही हो रहा है। क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। जिससे फैक्ट्रीयों में मोटरसाईकिल लेकर आने वाले कर्मचारी भी अपनी मोटरसाईकिल को बाहर खड़ा करने में डरने में लगे है। औद्योगिक क्षेत्र के फेस तीन के 532 नंबर फैक्ट्री के बाहर से अज्ञात चोर मोटरसाईकिल चोरी कर ले गए। चोरी का पुलिस में मामला दर्ज करवाते हुए गांव शेखपुरा निवासी अमित ने बताया कि 16 अक्टूबर को उसने अपनी बाइक फैक्ट्री के बाहर खड़ी कर वह काम करने चला गया था। 17 अक्टूबर की सुबह जब शिफ्ट काम खत्म हुई तो उसने बाहर आकर देखा कि उसकी बाइक वहां नहीं मिली। उसने अपने स्तर पर बाइक को ढूंढने का प्रयास किया लेकिन कहीं पता नही चला। पुलिस ने अमित की शिकायत

**जांच जारी**

**8 औद्योगिक क्षेत्र के फेस तीन के 532 नंबर फैक्ट्री के बाहर से अज्ञात चोर मोटरसाईकिल चोरी कर ले गए।**

पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरी घटना फेस दो में फैक्ट्री नम्बर 607 के बाहर की है। पुलिस को दी शिकायत में राकसेड़ा गांव के आरीफ ने बताया कि उसने अपनी स्पलेंडर मोटरसाईकिल को 17 अक्तुबर को फैक्ट्री के बाहर खड़ा किया था। काम खत्म करने के बाद कंपनी के बाहर आकर देखा तो उसकी मोटरसाईकिल गायब थी। उसके बाद आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नही चला।

## 01 लाख 20 हजार 400 मिट्रिक टन धान की हुई खरीद

**सोनीपतः उपायुक्त डॉ० मनोज** कुमार ने कहा कि खरीफ सीजन के अंतर्गत जिला में धान और बाजरा की आवक के साथ ही सुचारू रूप से इनकी खरीद की जा रही है। सोनीपत जिला में 17 अक्टूबर सायं तक 01 लाख 20 हजार 400 मिट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इनमें ग्रेड-ए 3555 मिट्रिक टन, पीआर कॉमन धान 644 मिट्रिक टन, बासमत्ती 348 मिट्रिक टन तथा 1509 किस्म 01 लाख 15 हजार 853 मिट्रिक टन शामिल है। इसके अलावा जिला की सभी खरीद केन्द्रों पर अब तक किसान 1135 मिट्रिक टन बाजरा लेकर पहुंचे है। जिसकी खरीद की जा चुकी है। उपायुक्त ने कहा कि धान व बाजरा की खरीद के लिए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां की गई है।

## टेहा में प्रदूषण फैला रही कंपनी को बंद कराने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** **गांव टेहा** के ग्रामीणों ने घनी आबादी क्षेत्र में प्रदूषण फैला रही कंपनी के खिलाफ एसडीएम निर्मल नागर व सीएम वींडों व प्रदूषण विभाग को शिकायत देकर लोगों के स्वास्थय से प्रदुषण फैलाकर खिलवाड़ कर रही कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता राजबीर, प्रेमलता, नीरज, नरेश कौशल्या ने शिकायत में बताया कि आबादी के अन्दर इंटरप्राईजिज के नाम से नाजायज तरीके से फैक्टरी चलाकर गैस के बर्नर बनाए जाते है। इसके लिए भट्ठी जलाकर हर समय धातु को पिघलाया जाता है और फैक्टरी से बहुत ज्यादा धुआं निकलता है



और जोर-जोर से मशीनों की आवाजें आती है। फैक्टरी मालिक ने गली में सरेआम में बड़ा जरनेटर रखवा रखा है। जिससे आपास के लोगों का जीना दूभर हो गया है। उन्हें हर समय प्रदूषण में रहकर अपना जीवन व्यतीत करना पड़ रहा है। जिससे स्वास्थय को नुकसान पहुंच रहा है। शिकायत में आरोप है कि उक्त फैक्टरी बिना किसी सक्षम विभाग की अनुमति के घनी आबादी क्षेत्र में गलत व गैर कानूनी तरीके से चलाई जा रही है जिससे आमजन बहुत परेशान है। हर समय बदबू फैलती रहती है। बार-बार फैक्टरी मालिक को प्रदूषण न करने की गुहार लगाई है लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है।

## सरिता मोर ने हरी झण्डी दिखाकर यशस्विनी बाईक रैली को किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**देश के** लोगों में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं की अलख जगाने और इस अभियान को जनआंदोलन बनाने के लिए सीआरपीएफ महिला पुलिस बल द्वारा निकाली जा रही यशस्विनी बाईक रैली को बुधवार सुबह अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सरिता मौर ने बतौर मुख्यातिथि हरी झण्डी दिखाकर सोनीपत से रवाना किया। यह बाईक रैली सोनीपत के बाद केएमपी के रास्ते बहादुगढ़ होते हुए गुरूग्राम पहुंचेगी। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सरिता मोर ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान को घर-घर तक पहुंचाने तथा इस अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए सीआरपीएफ महिला पुलिस



बल द्वारा देश में जो यह बाईक रैली निकाली जा रही है ये पहल अपने आप में प्रशंसनीय है। क्योंकि आने वाले दिनों में इस रैली के सकारात्मक परिणाम हमारे सामने आएंगे। उन्होंने

**मुहिम**

**8 बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को घर-घर तक पहुंचाने तथा इस अभियान की तारीफ की जानी चाहिए**

कहा कि बाईक रैली में भाग ले रही महिलाओं से हमारे युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी इस अभियान से जुडकर अपना सहयोग देंगे।

अंतर्राष्ट्द्रीय खिलाड़ी ने कहा कि बेटियों को बचाने और पढ़ाने से ही समाज व देश का विकास होगा। उन्होंने कहा कि मेरी खेलों में विशेष रूचि थी इसलिए मेरे परिजनों ने खेल क्षेत्र में मुझे आगे बढे के लिए प्रेरित किया हर समय मेरा साथ देने के लिए मेरे साथ खड़े रहे। आज उन्ही के बलिदान और साथ के कारण मैं इस मुकाम पर पहुंची हूं। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे भी अपनी बेटियों को शिक्षा, खेल व अन्य क्षेत्रों में आगे बढे में साथ दें ताकि वे भी देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। इस दौरान उप-महानिरीक्षक कोमल सिंह ने बताया कि बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सीआरपीएफ की महिला पुलिस बल द्वारा इस यशस्विनी बाईक रैली की शुरूआत 03 अक्टूबर को श्रीनगर से की गई थी, जिसका समापन 31 अक्टूबर को गुजरात के केवडि में स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्टेचू ऑफ लिबर्टी पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा भी सीआरपीएफ द्वारा शिलांग और कन्याकुमारी से बाईक रैली निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि ये बाईक रैली 10 हजार किलोमीटर की दूर तय कर एक साथ 31 अक्टूबर को एकता दिवस पर स्टेचू ऑफ लिबर्टी गुजरात पहुंचेंगी। इस मौके पर सीआरपीएफ के सोनीपत रेंज के उप-महानिरीक्षक महेन्द्र कुमार, बाईक रैली की नोडल अधिकारी तारा यादव, सहित सीआरपीएम के अधिकारियों सहित स्कूल के शिक्षक व बच्चे मौजूद रहे।

## गोदरेज इंटीरियो ने गुरुग्राम और नोएडा में नया स्टोर लॉन्च किया



**गुरुग्राम।** गोदरेज समूह की फ्लैगशिप कंपनी, गोदरेज एंड बॉयस ने घोषणा की है कि होम एवं ऑफिस फर्नीचर में लीडर, गोदरेज इंटीरियो ने हरियाणा के गुरुग्राम और उत्तर प्रदेश के नोएडा में अपने नये आउटलेट खोले हैं। ये स्टोर गुरुग्राम और नोएडा में क्रमशः 10,300 वर्गफीट और 2250 वर्गफीट में फैले हैं, और इनके साथ गुड़गाँव में 750 वर्गफीट की एक एक्सक्लूसिव मैट्रेस गैलरी है। ये अत्याधुनिक स्टोर इन क्षेत्रों और भारत के उत्तरी बाजारों में गोदरेज इंटीरियो की रिटेल पहुँच को मजबूत बनाएगा।

ये स्टोर एक उभरते हुए आवासीय क्षेत्र में ऑफिसेज, एंटरटेनमेंट केंद्र और शॉपिंग कॉम्प्लेक्सों के नजदीक स्थित है। यहाँ होम स्टोरेज, होम फर्नीचर, मैट्रेस आदि के गुणवत्तापूर्ण उत्पाद विभिन्न स्टाईल एवं फि निशिंग में मिलेंगे। इन नए स्टोर के उद्घाटन के अवसर पर, और आगामी त्योहारों के लिए गोदरेज इंटीरियो ग्राहकों को 30 प्रतिशत तक की छूट और कॉम्प्लिमेंटरी फर्नीचर जीतने का मौका दे रहा है। गुड़गाँव में नए स्टोर के महत्व के बारे में गोदरेज इंटीरियो के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, देव नारायण सरकार ने कहा, ये स्टोर महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित होने के कारण और बाजार में गोदरेज इंटीरियो की मजबूत एवं बढ़ती हुई ब्रांड रिकॉल के साथ हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024 में इन स्टोर के सालाना राजस्व 5 करोड़ रु. तक पहुँच जाएंगे। इन नए स्टोर्स के खुलने के साथ गोदरेज इंटीरियो ने उत्तर भारत में अपने कदमों का और ज्यादा विस्तार कर लिया है, जहाँ पहले से ही इसके ग्राहक बड़ी संख्या में हैं।

## 45 किलो 135 ग्राम डोडा पोस्त सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**सीआईए वन की** टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी हरविंदर सिंह उर्फ राजू पुत्र सुखवंत सिंह वासी खेड़ी सर्फअली को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 45 किलो 135 ग्राम डोडा पोस्त बरामद की गई। इस संबंध में थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी के पास यह डोडा पोस्त कोई अन्य व्यक्ति रखकर गया था। उसकी गिरफ्तारी आरोपी हरविंदर की निशानदेही पर की जाएगी। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।

## भगवान श्री राम ने मर्यादा के पालन के लिए किया अभूतपूर्व त्यागः ललित

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**युवा कांग्रेस** जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने कहा कि भगवान श्री राम की प्रतिष्ठा मर्यादा पुरूषोत्तम के रुप में है, क्योंकि उन्होंने मयार्दा के पालन के लिए राज्य, मित्र, माता-पिता तक का त्याग किया। भगवान श्री राम ने अच्छाई से बुराई पर विजय प्राप्त की। हम सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज का कल्याण करना चाहिए। युवा जिलाध्यक्ष ललित पंवार काठ मंडी स्थित पटेल पार्क में नई आजाद समिति के तत्वावधान में आयोजित श्री राम कथा में शिरकत करने के उपरांत



क्षेत्रवासियों को संबोधित कर रहे थे। युवा जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने कहा कि भगवान श्री राम न्यायप्रिय थे। आज भी उनके शासन को रामराज्य की उपमा देते है। भगवान श्रीराम ने सम्पूर्ण विश्व को एक सकारात्मक राह दिखाने का कार्य है, उनके दिखाए मार्ग पर चलकर आज हम सब समाज का कल्याण कर रहे है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा क्षेत्रवासियों के कल्याण के लिए श्रीराम कथा का जो आयोजन किया है, यह बहुत ही सरहानीय है। इस तरह के आयोजन से समाज को नई दिशा मिलती है। आज समाज में फैल रही बुराइयों के समापन के लिए श्रीराम कथा का आयोजन बहुत जरूरी है। ललित पंवार का समिति द्वारा पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस दौरान पार्षद नवीन तंवर, प्रधान भगत सिंह, लाला नत्थूराम, प्रदीप गोयल, रविंद्र गहलावत, धर्मपाल त्यागी, धर्मपाल मलिक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपिस्थत रहे।

# जिले के शहर व गांवों में आवारा पशुओं की भरमार

**टीम एक्शन इंडिया/इन्द्रजीत यादव**

**नारनौल।** महेन्द्रगढ जिले को आवारा पशुओं से मुक्त किए जाने का जिला प्रशासन के सभी दावे खोखले साबित हो रहे है। एक वर्ष बीत जाने पर भी जिले के सभी शहरों तथा ग्रामीण आंचल में आवारा पशुओं की भरमार है तथा आज भी झुण्ड में रहते है। इन आवारा पशुओं की वजह से आये दिन न केवल सडक हादसे बढ़ रहे है, अपितु किसान व आमजन परेशान है। जिससे सरकार व प्रशासन अपने को लाचार एवं असहाय नजर आ रहा है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी शहरों एवं गांवों में



आवारा पशु विशेष कर गायों को क्षेत्र से संबंधित गौशालाओं में भेजने की व्यवस्था की गई थी तथा दूर दराज के गांवों में ग्राम पंचायत की जमीन में अस्थाई बाड़ा बनाकर उनके चारे पानी की व्यवस्था का प्रावधान किया गया था, लेकिन ना तो जिला प्रशासन ने आवारा पशुओं के प्रबंधक लिए कोई रूची दिखाई ओर ना ही गौशालाओं व ग्राम पंचायतों ने इस मामले को गंभीरता से लिया। जिसके चलते आये दिन आवारा पशुओं की संख्या बढ़ रही है। मजे की बात तो यह कि दूध ब्रिकी से अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए देशी गायों की बजाय दूसरी नस्ल की जर्सी गायों को लोग रखते तो है, लेकिन उनके बछड़ों को कुछ दिन बाद ही देर रात के समय दूसरे गांवों में सडक किनारे छोड़ फरार हो जाते है, जो आम जन को न केवल मारते अपितु सडक हादसे इन्ही के कारण होते है। ये आवारा किस्म के पशु जब झुण्ड में चलते तो सडक के बीचोंबीच चलते है तथा आने जाने वाले वाहन को सीधी टक्कर मारते है जो दुर्घटना का कारण बनती है। भले ही राज्य सरकार राज्य से आवारा पशुओं से मुक्त होने के आंकडे जिला प्रशासन द्वारा सरकार के पास भेजकर स्वतंत्रता का जश्न मनाने एवं जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र मुक्त करने की रिपोर्ट भेजी हो। लेकिन स्थिति पहले ज्यादा बदतर है। आमतौर पर आवारा पशुओं का जमावड़ा सब्जी मंडी, अनाज मंडी, फल-फ्रुट की दुकानों के गांव व शहर के पास खेती कर किसानों के पास रहता है। किसानों व दुकानदारों इनको भगा दिए जाने के बाद ये आवारा पशु दिनभर सडकों पर विचरते रहते है। जो दुपहिया वाहनों के लिए काल ग्रास बनते है। सूत्रों के मुताबिक देशी गायों व बछड़ों को कोई भी गौशला लेने से इंकार नहीं कर रही है, क्योंकि इनके मूत्र सहित गौवर से प्रयोगशाला के द्वारा विभिन्न किस्म की उत्पाद तैयार कर मानव जीवन का उद्वार करते है, वहीं अन्य किस्म के इन पशुओं से सिवाय नुकसान कोई लाभ नहीं है।

## खनन मामले में घायल अवस्था में ही गन्नौर एसडीएम को भी शिकायत देने पहुंचा पीड़ित

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** **बजाना कलां** नहर में खनन के मामले में घायल अवस्था में ही पीड़ि युवक गन्नौर एसडीएम डा. निर्मल नागर को भी शिकायत देने पहुंचा । शिकायत में आरोप है कि पिछले 10 अक्तूबर को इस संबंध में खनन विभाग के जिला अधिकारी को शिकायत दी। इसके बाद 19 दिसंबर को उपायुक्त कार्यालय में, 31 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक को, इस वर्ष 18 जनवरी को सिंचाई विभाग में व 5 सितंबर को फिर से सिंचाई विभाग को शिकायत दी। इतनी शिकायतों के बाद भी आज तक खनन करने

**संज्ञान नहीं**

**8 शिकायतों के बाद भी आज तक खनन करने वालों पर कोई कार्रवाई नही हुई। शिकायतों पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया**

वालों पर कोई कार्रवाई नही हुई। इसके बावजूद शिकायतों पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। अधिकारियों की लापरवाही के वजह से नहर में लगातार अवैध रूप से रेत का खनन होता रहा। बजाना कला गांव के शिकायतकर्ता प्रदीप ने बताया कि उनके गांव से तेवड़ी व कासंडी के बीच नहर में पिछले कई महीनों से खनन करने का कार्य जोरों पर चल रहा था। जिसकी वह लगातार शिकायत करता आ रहा था। खनन करने वालों ने उस पर जानलेवा हमला भी किया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

मामले में उसने हमलावरों के खिलाफ थाना मोहाना में केस भी दर्ज करवा रखा है। प्रदीप ने एसडीएम डा. निर्मल नागर को सौंप कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# नीदरलैंड्स ने दक्षिण अफ्रीका को 38 रनों से हराया

धर्मशाला। विश्व कप 2023 में इंग्लैंड के बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम भी उलटफेर का शिकार हुई है। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला के मैदान में खेले गए एकदिवसीय मुकाबले में नीदरलैंड्स ने दक्षिण अफ्रीका को 38 रन से हरा दिया है। बारिश से बाधित मैच में दोनों पारियों में 43 ओवर का मैच सुनिश्चित हुआ और नीदरलैंड्स ने निर्धारित ओवर में 245 रन बनाए जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका टीम 207 रन पर सिमट गई।

246 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम शुरू से ही दबाव में नजर आई। बल्लेबाज न तो खुल कर शॉट खेल पा रहे थे और न ही आसानी से रन उन्हें मिल रहे थे। ऐसे में लगातार बढ़ते दबाव के बीच बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह ध्वस्त हो गया। ठीक-ठाक शुरुआत के बीच ओपनर क्विंटन डिकॉक और कप्तान तेम्बा बवुमा ने पहले विकेट के लिए 36 रन जोड़े लेकिन एक बार जो विकेट गिरने का सिलसिला शुरू हुआ तो अंत तक नहीं थमा। मार्करम एक और डुसेन चार रन बनाकर आउट हुए। क्लासेन और मिलर ने पांचवें विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी कर थोड़ी उम्मीदें जगाई, लेकिन क्लासेन के आउट होने के



बाद मिलर अकेले पड़ गए। यानसेन नौ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मिलर भी 43 रन के निजी स्कोर पर चलते बने। कोट्जे 22 रन बनाकर आउट हुए तो रबाडा ने नौ रन का योगदान किया। इस तरह पूरी टीम 207 रन पर ढेर हो गई। नीदरलैंड्स के लिए लोगन वान बीक को तीन सफलता मिली। वहीं, पॉल वान मीकरेन, वान डर मर्वे और लीडे को 2-2 विकेट मिले। इससे पहले, टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी नीदरलैंड्स की शुरुआत खराब रही। दक्षिण अफ्रीका ने डच टीम के पहले 4 विकेट महज 50 रन के भीतर झटक लिए। नीदरलैंड्स का मध्यक्रम भी नाकाम रहा और देखते ही देखते उसका स्कोर 140 रन पर 7 विकेट हो गया। जब इस टीम के लिए 200 का स्कोर भी मुश्किल लग रहा था, तब कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने मोर्चा संभाला और 69 गेंद पर 78 रन की बेहतरीन पारी खेली। नौवें नंबर पर बैटिंग करने आए वान डर मर्वे ने 29 और 10वें नंबर पर बैटिंग करने आए आर्यन दत्त ने 23 रन बनाकर अपने कप्तान का पूरा साथ दिया। इस तरह नीदरलैंड्स का स्कोर 245 रन पहुंच सका। दक्षिण अफ्रीका के लिए लुंगी नगिडी, मार्को यानसेन और रबाडा ने दो-दो विकेट झटके, जबकि कोएट्ज और केशव महाराज के खाते में एक-एक सफलता रही।

## कागिसो रबाडा ने तोड़ा डेल स्टेन का रिकॉर्ड, वनडे में पूरे किए 150 विकेट

धर्मशाला। क्रिकेट विश्व कप 2023 के तहत धर्मशाला के मैदान पर खेलते हुए दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने अपने वनडे फार्मेट में 150 विकेट पूरे कर लिए। 28 साल के रबाडा ने यह उपलब्धि महज 95 पारियों में अपने नाम की। ऐसा कर उन्होंने हमवतन डेल स्टेन का रिकॉर्ड महज एक पारी से तोड़ दिया है। रबाडा ने नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबले में 56 रन देकर 2 विकेट लिए थे।

**दक्षिण अफ्रीका की ओर से सबसे तेज 150 विकेट**

89 पारियां : ऐलन डोनाल्ड
89 पारियां: मोर्ने मार्कल
89 पारियां : इमरान ताहिर
95 पारियां : कागिसो रबाडा
96 पारियां : डेल स्टेन



वनडे फार्मेट में सबसे तेज 150 विकेट लेने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलियाई बॉलर मिचेल स्टार्क के नाम पर है जिन्होंने 77 पारियों में ही यह रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इसके बाद पाकिस्तान के सकलेन मुश्ताक (78 पारियां) और फिर अफगानिस्तान के राशिद खान (80 पारियां) का नाम आता है।

## भारत ने एशियाई खेलों में बेहतरीन हॉकी खेली : सोमाया

भुवनेश्वर। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता एम एम सोमाया का मानना है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने हाल ही में हुए हांगझोउ एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करके पीला तमगा जीता। हांगझोउ में भारतीय दल के उप दल प्रमुख सोमाया ने कहा कि हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम ने बेदाग प्रदर्शन करके पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। मॉस्को में 1980 ओलंपिक चैम्पियन रही टीम के



सदस्य सोमाया ने कहा कि भारत ने सभी मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। जापान और कोरिया के खिलाफ एकाग्रता टूटी लेकिन कुल मिलाकर यह बेहतरीन प्रदर्शन था। उन्होंने कहा कि अब ओलंपिक क्वालिफिकेशन का दबाव नहीं है तो टीम पेरिस में बेहतर प्रदर्शन पर फोकस कर सकती है। अब उसे ओलंपिक को ध्यान में रखकर अभ्यास शिविरों और दौरों पर फोकस करना होगा। उन्होंने कहा कि महिला टीम ने भी अच्छा खेला लेकिन चीन के खिलाफ पहले हाफ में चूक गई। दूसरे हाफ तक बहुत देर हो चुकी थी। उन्होंने भारतीय हॉकी के समर्थन के लिए ओडिशा सरकार की भी तारीफ की।

## शेन बांड ने मुंबई इंडियंस से नाता तोड़ा, चार बार खिताबी जीत में रहे साथ

मुंबई। पिछले 9 साल से मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच रहे न्यूजीलैंड के पूर्व स्टार तेज गेंदबाज शेन बांड ने इस आईपीएल टीम से नाता तोड़ लिया है। बांड 2015 में मुंबई टीम से जुड़े थे और उनके गेंदबाजी कोच रहते टीम चार आईपीएल खिताब जीत चुकी है। उन्होंने मुंबई इंडियंस अमीरात के मुख्य कोच के पद से भी इस्तीफा दे दिया।



उन्होंने टीम द्वारा जारी एक बयान में कहा, 'मैं पिछले नौ सत्र में मुंबई इंडियंस परिवार का हिस्सा बनने के लिए अंबानी परिवार को धन्यवाद देता हूं। यह बेहतरीन अनुभव रहा और मैदान के भीतर तथा बाहर काफी अच्छी यादें रही। उन्होंने कहा, 'इतने महान लोगों, खिलाड़ियों और स्टाफ के साथ काम करने का मौका मिलना सौभाग्य की बात रही। मुझे उन सभी की कमी खलेगी। भविष्य के लिए शुभकामनाएं। बांड 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब जीतने के समय मुंबई इंडियंस के साथ थे। मुंबई ने इस साल अगस्त में श्रीलंका के लसिथ मलिंगा को गेंदबाजी कोच बनाया है। वह मुंबई के लिये खेल भी चुके हैं। न्यूजीलैंड के लिये 18 टेस्ट, 82 वनडे और 20 टी20 खेल चुके बांड ने मुंबई इंडियंस के युवा गेंदबाजों को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई है।

## विश्व कप: स्वास्थ्य समस्या से जूझ रही पाकिस्तानी टीम, कुछ खिलाड़ी बुखार से पीड़ित

नई दिल्ली। विश्व कप में पाकिस्तानी टीम स्वास्थ्य समस्या से जूझ रही है और उनके कुछ खिलाड़ी बुखार से पीड़ित हैं। माना जाता है कि प्रभावित खिलाड़ियों में शीर्ष तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी भी शामिल हैं।

पाकिस्तान टीम प्रबंधन के एक बयान के अनुसार, बुखार से पीड़ित कुछ खिलाड़ी अब ठीक होने की राह पर हैं, जबकि अन्य अभी भी स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम के एक प्रवक्ता ने कहा, पिछले कुछ दिनों में कुछ खिलाड़ियों को बुखार आया और उनमें से ज्यादातर पूरी तरह से ठीक हो गए हैं। जो लोग ठीक होने के चरण में हैं वे टीम के मेडिकल पैनल की निगरानी में हैं।

बीमार खिलाड़ियों के नामों का खुलासा नहीं किया गया है लेकिन समझा जाता है कि जो खिलाड़ी अस्वस्थ हैं उनमें शाहीन, अब्दुल्ला शफीक, मोहम्मद रिजवान, सलमान अली आगा, मोहम्मद हारिस और जमान खान शामिल हैं। बयान में नाम का



खुलासा किए बिना कहा गया, कोई वायरल संक्रमण या बीमारी नहीं है। कुछ खिलाड़ियों को बुखार था और अधिकांश पहले ही ठीक हो चुके हैं। इस बीच, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने घोषणा की है कि उसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और अहमदाबाद की भीड़ के खिलाफ भारत के खिलाफ मैच में अपने खिलाड़ियों पर अनुचित आचरण के लिए शिकायत दर्ज कराई है।

पीसीबी ने पाकिस्तान प्रशंसकों के लिए वीजा की व्यवस्था करने में विफल रहने और अपने पत्रकारों के लिए समय पर वीजा सुरक्षित नहीं करने के लिए बीसीसीआई के प्रति भी अपना असंतोष व्यक्त किया है।

पीसीबी के बयान में कहा गया है, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पाकिस्तानी पत्रकारों के लिए वीजा में देरी और मौजूदा विश्व कप 2023 के लिए पाकिस्तान प्रशंसकों के लिए वीजा नीति की अनुपस्थिति पर आईसीसी के साथ एक और औपचारिक विरोध दर्ज कराया है।

इसमें आगे कहा गया, पीसीबी ने 14 अक्टूबर 2023 को भारत बनाम पाकिस्तान मैच के दौरान पाकिस्तानी टीम के खिलाफ अनुचित आचरण के संबंध में भी शिकायत दर्ज की है। इस मामले में आईसीसी की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है।

## विश्व कप- नीदरलैंड से हार के बाद बावुमा ने कहा- हमें डच टीम को 200 रन के पार नहीं जाने देना चाहिए था

धर्मशाला। आईसीसी क्रिकेट विश्व कप मैच में नीदरलैंड से अपनी टीम की 38 रन से हार के बाद, दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा कि उनकी टीम को नीदरलैंड को 200 रनों के पार नहीं जाने देना चाहिए था,और वे अतिरिक्त रनों को बेहतर तरीके से नियंत्रित कर सकते थे। लोगान वान बीक के तीन विकेट, कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स के अर्धशतक और रूलोफ वान डेर मेरवे के हरफनमौला प्रदर्शन की मदद से नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 38 रन से हरा दिया। नीदरलैंड की पारी के दौरान दक्षिण अफ्रीका ने अतिरिक्त के जरिए 32 रन दिए, जो मैच के अंत में अफ्रीकी टीम के लिए हार का कारण बना। मैच के बाद बावुमा ने कहा, एक समय डच टीम का स्कोर 6 विकेट पर 112 रन था, यहां से हमें उन्हें 200 के पार नहीं जाने देना चाहिए था। हमने गेंद



वहीं गिरा दी, लेकिन फिर भी लक्ष्य का पीछा करने को लेकर आश्वस्त थे। लेकिन वे हमारी बल्लेबाजी में कुछ कमियां निकालने में सक्षम थे। हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्लिनिकल थे। हम अतिरिक्त पर नियंत्रण कर कर सकते थे। क्षेत्ररक्षण मानक के अनुरूप नहीं था। हमें लड़कों के साथ कुछ बातचीत करने की जरूरत है। आपको भावनाओं को अंदर आने देना होगा। इससे दुख होगा। हमारा अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है। यह डच टीम का बेहतरीन प्रदर्शन था। उन्होंने हमें पूरे समय दबाव में रखा। उन्हें शुभकामनाएँ।

## फीफा विश्व कप क्वालीफायर: पाकिस्तान ने कंबोडिया को हराकर पहली जीत दर्ज की

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने यहां कंबोडिया को 1-0 से हराकर 2026 फीफा विश्व कप एशियाई क्वालीफायर में अपनी पहली जीत दर्ज की। जिन्ना स्पोर्ट्स स्टेडियम में 67वें मिनट में हारुन हामिद ने पाकिस्तान के लिए विजयी गोल किया। पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन के अनुसार, यह पहली बार है कि पाकिस्तान ने फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड मैच जीता है। इस महीने की शुरुआत में कंबोडिया में दोनों पक्षों के बीच पहला चरण गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ था। पाकिस्तान क्वालीफायर के दूसरे दौर में ग्रुप जी में सऊदी अरब, जॉर्डन और ताजिकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। विश्व रैंकिंग में 197वें स्थान पर रहने वाले पाकिस्तान ने 2018 के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं जीता था। फीफा द्वारा अप्रैल 2021 में अनुचित तीसरे पक्ष के



हस्तक्षेप के कारण पाकिस्तान को 15 महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था, जो चार वर्षों में उनका दूसरा प्रतिबंध था। पिछले हफ्ते, स्टीफन कॉन्सटेंटाइन को टीम का नया कोच नियुक्त किया गया था और उन्हें टीम के 13 मैचों की हार के सिलसिले को खत्म करने का काम सौंपा गया था। जून 2019 के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय खेल नहीं खेलने के बाद, पाकिस्तान ने नवंबर 2022 और जून 2023 के बीच आठ मैच खेले, जिसमें पांच मैत्री मैच शामिल थे, लेकिन वे सभी हार गए - इस प्रक्रिया में टीम ने 18 गोल खाए और केवल एक गोल किया।

## नीदरलैंड्स के कप्तान बोले- इस बल्लेबाज को देखकर मजा आ गया

धर्मशाला। क्रिकेट विश्व कप 2023 में नीदरलैंड्स ने दक्षिण अफ्रीका को 38 रन से हराकर इतिहास रच दिया। धर्मशाला के मैदान पर पहले खेलते हुए नीदरलैंड्स ने 245 रन बनाए थे जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीकी टीम 207 रन पर ऑलआउट हो गई। नीदरलैंड्स के लिए मैच का हीरो उनके कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स रहे।

एडवर्ड्स तब क्रीज पर उतरे थे जब टीम की स्थिति खराब थी। एडवर्ड्स ने छोटी छोटी पार्टनरशिप कर स्कोर मजबूत किया। अपनी 78 रन की पारी के कारण वह प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। एडवर्ड्स ने अवॉर्ड मिलने के बाद कहा कि पिछले कुछ मैचों में हमारे मध्यक्रम के कई बल्लेबाज खेल खत्म होने से पहले ही आउट हो रहे थे, इसलिए मैं इसे गहराई



तक ले जाना चाहता था। आगे मैं आशा करता हूं कि मेरे आसपास के कुछ लोग इसमें योगदान देंगे। आज हम काफी भाग्यशाली रहे। एडवर्ड्स ने कहा कि आज वैन डेर मेरवे के साथ बल्लेबाजी करना मजेदार रहा। वह कड़ी मेहनत करता है और कुछ अजीब क्षेत्रों में हिट करता है। मैंने अंत में उसे (आर्यन दत्त) को स्ट्राइक दी और उसने बड़े शॉट लगाए। उसमें प्रतिभा है और आज रात यह सब देखने को मिला। कप्तान ने कहा कि उन्हें अपनी टीम पर नाज है। हम उस टूर्नामेंट में आए थे जहां हम सेमीफाइनल में मौका चाहते थे और यदि आप ऐसा करना चाहते हैं तो आपको टीमों को हराना होगा और दक्षिण अफ्रीका जिस तरह से खेल रहा है वह पसंदीदा टीमों में से एक है, इसलिए यह हमारे लिए अच्छी जीत है।

## विश्व कप: हमें वापसी करने के लिए बस एक जीत की जरूरत-इंग्लिश कोच मैथ्यू मॉट

नई दिल्ली। इंग्लैंड के मुख्य कोच मैथ्यू मॉट ने अफगानिस्तान के खिलाफ 69 रन की चौंकाने वाली हार के बावजूद कहा कि यह घबराने की स्थिति नहीं है, उनकी टीम को वापसी के लिए बस एक जीत हासिल करने की जरूरत है। अपने शुरुआती तीन मैचों में दो हार के बाद, गत चैंपियन इंग्लैंड की टीम शनिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी।

इंग्लैंड को दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ 69 रनों से हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती तीन मैचों में यह उसकी दूसरी हार थी। ईएसपीएनक्रिकइन्फो ने मॉट के हवाले से कहा, मैंने सोचा था कि लड़के वास्तव में इसके लिए तैयार थे, लेकिन हमने वास्तव में शुरू से ही कोई शॉट नहीं लगाया। तथ्य यह है कि हम खेल के हर पहलू में थोड़ा पीछे थे। यह अभी तक घबराहट की स्थिति नहीं है, लेकिन यह वह शुरुआत नहीं है, जैसा हम उम्मीद कर रहे थे और अब समय आ गया है कि इसे वास्तव में बदल दिया जाए। मॉट ने कहा कि गत चैंपियन टीम में आत्मविश्वास की कमी थी।

उन्होंने कहा, आप रातोंरात अपनी क्षमता नहीं खोते हैं, लेकिन आप अपना आत्मविश्वास खो सकते हैं। यह वह आत्मविश्वास है... आप मैदान पर जाएं और वास्तव में खेल को आगे बढ़ाएं, जिसके लिए यह टीम लंबे समय



से प्रसिद्ध है। 2019 में विश्व कप जीतने के बाद से, इंग्लैंड का ध्यान टेस्ट और ट्वेंटी 20 अंतरराष्ट्रीय पर केंद्रित हो गया है, मॉट ने स्वीकार किया कि उनके कुछ खिलाड़ी 50 ओवर के क्रिकेट की लय के लिए वास्तव में संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों को विश्व कप खेलना पसंद है। कोई गलती न करें- यह हमारे समूह के प्रत्येक खिलाड़ी के लिए बहुत बड़ा है। अगर कुछ भी हो, तो हमने शायद कुछ ज्यादा ही कोशिश की है, क्योंकि यह इन सभी लोगों के लिए बहुत बड़ा आकर्षण है। सफेद गेंद वाले क्रिकेट में वे इसी के लिए खेल खेलते हैं; एकदिवसीय विश्व कप इतनी बार नहीं आता। यह बहुत खास है। क्रिकेट विश्व कप में बेन स्टोक्स की वापसी से इंग्लैंड के मुख्य कोच मैथ्यू मॉट को बड़ी चयन दुविधा का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, हम हमेशा छोटे-मोटे बदलाव करते रहेंगे, लेकिन मैं आपको गारंटी दे सकता हूं कि अब टीम में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। मैं कुछ खराब प्रदर्शनों के बाद खिलाड़ियों का बाहर नहीं करूंगा।

उन्होंने तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स का भी बचाव किया, जिन्होंने टूर्नामेंट में 18 ओवरों में 135 रन देकर 2 विकेट लिए हैं।

उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में हमेशा दबाव रहता है। छिपने की कोई जगह नहीं है। यदि आपका प्रदर्शन खराब है, तो हर कोई इसके बारे में जानता है। लेकिन हमारे लिए महत्वपूर्ण बात यह है कि वह अच्छी स्थिति में है, वह खुद को चयन के लिए प्रस्तुत करता है और वह वास्तव में वापसी कर सकता है।

## भारतीय-अमेरिकी मूल के अर्जुन निम्माला ने रचा इतिहास, 'इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स' डॉक्यूमेंट्री-सीरीज में आएंगे नजर

मुंबई। मेजर लीग बेसबॉल और डिज्नी स्टार ने आईएमजी और एम्पेड पिक्चर्स के साथ मिलकर 'इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स' नाम का डॉक्यूमेंट्री-सीरीज प्रोड्यूस किया है। इसमें पहली पीढ़ी के भारतीय अमेरिकी अर्जुन निम्माला की प्रेरणादायी कहानी के बारे में बताया गया है। जुलाई में टोरंटो ब्लू जेज द्वारा एमएलबी एमेच्योर ड्राफ्ट के पहले राउंड में निम्माला को शामिल किया गया था। इसी के साथ चार प्रमुख अमेरिकी पेशेवर खेलों में से किसी एक में इतने हाई पोजीशन पर चुने जाने वाले पहली पीढ़ी के भारतीय अमेरिकी के रूप में निम्माला ने इतिहास रच दिया था।

डॉक्यूमेंट्री सीरीज दर्शकों को निम्माला के साथ एक ऐसी यात्रा पर ले जाती है, जहां वह अपने माता-पिता के गृहनगर विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में अपनी जड़ों का पता लगाने के लिए निकले और भारत की खेल संस्कृति को उजागर किया। इस दौरान दोस्ताना क्रिकेट मैच के लिए निम्माला का भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रह चुके अजिंक्य रहाणे से मिलना एक बड़ी घटना थी। निम्माला क्रिकेट का अभ्यास करते हुए बड़े हुए हैं। पूरी डॉक्यूमेंट्री के दौरान अर्जुन निम्माला भारत की उभरती बेसबॉल प्रतिभाओं से मिलते हैं और इसमें इन युवा खिलाड़ियों की कहानियां भी दिखाई गई हैं। चार भाग वाली डॉक्यूमेंट्री सीरीज 18 अक्टूबर, 2023 को स्टार स्पोर्ट्स सिलेक्ट 1 और स्टार स्पोर्ट्स सेलेक्ट 2 पर लॉन्च की जाएगी और इसका अंतिम एपिसोड 21 अक्टूबर, 2023 को प्रसारित किया जाएगा। साथ ही इसका दोबारा प्रसारण 26 अक्टूबर, 2023 तक जारी रहेगा। इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स नवंबर में डिज्नी हॉटस्टार पर देशभर में लॉन्च होगा। यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज एमएलबी और डिज्नी स्टार के बीच विस्तारित साझेदारी के रिन्यूअल का हिस्सा है। वर्ल्ड सीरीज के प्रसारण के साथ-साथ (जैसा कि 2020 से हो रहा है), स्टार स्पोर्ट्स पहली बार स्टार स्पोर्ट्स सिलेक्ट 1 और 2 पर मेजर लीग बेसबॉल पोस्ट सीजन के एक्स्ट्रा राउंड अक्टूबर और नवंबर में लाइव प्रसारित कर रहा है। ये प्रसारण विशेष रूप से भारतीयों के लिए तैयार किए गए हैं। पहली बार भारतीय बाजार में इसका प्रसारण किया गया और एमएलबी की सर्वश्रेष्ठ टीमों को दिखाया गया क्योंकि वे विश्व सीरीज खिताब के लिए प्रयास कर रहे हैं। स्टार स्पोर्ट्स के प्रवक्ता ने कहा, इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स 17 वर्षीय भारतीय अमेरिकी बेसबॉल खिलाड़ी अर्जुन निम्माला के बारे में बताया है, जिनका लक्ष्य एक प्रमुख अमेरिकी खेल के पहले राउंड में चुने गए पहली पीढ़ी के भारतीय अमेरिकी एथलीट बनकर इतिहास बनाना है। यह सीरीज अर्जुन पर प्रकाश डालती है।

## ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने डीआरएस के साथ और अधिक पारदर्शिता की मांग की

लखनऊ। ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने डीआरएस के साथ और अधिक पारदर्शिता की मांग की है, खासकर बॉल-ट्रैकिंग प्रणाली के संदर्भ में। यहां श्रीलंका के खिलाफ चल रहे आईसीसी विश्व कप मैच के दौरान 210 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान एलबीडब्ल्यू आउट दिए जाने के बाद वार्नर निराश थे और सलामी बल्लेबाज ने अपना गुस्सा व्यक्त किया। वार्नर ने क्रिकेट.कॉम.एयू के हवाले से कहा, मेरे पास कभी भी हॉक-आई नहीं आई और



उसने हमें समझाया कि तकनीक वास्तव में कैसे काम करती है, यह सिर्फ टीवी के लिए है, अगर वे आकर हमें समझा सकें कि यह कैसे काम करती है, तब कभी-कभी हम रेफर लेने या न लेने का विकल्प चुन सकते हैं।उन्होंने कहा, इंग्लैंड में गेंद उछलती है और एक बार उछलने के बाद यह वास्तव में घूमती है, न केवल सीम से बल्कि हवा में भी यह घूम सकती है। तो ऐसी छोटी-छोटी चीजें हैं कि एक खिलाड़ी के रूप में आप निराश हो जाते हैं क्योंकि कोई स्पष्टीकरण नहीं है। लेकिन कुछ जवाबदेही होनी चाहिए।वार्नर ने अंपायर जोएल विल्सन के साथ अपनी बातचीत और बड़े स्क्रीन पर रीप्ले देखने के बाद किस कारण से उन्हें निराशा हुई, इसके बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, अंपायर ने कहा कि गेंद वापस स्विंग कर रही थी, इसलिए उन्हें श्रेय जाता है, उन्होंने ऐसा सोच कर निर्णय दिया है। लेकिन फिर जब आप इसका रीप्ले देखते हैं कि यह कैसे घटित हुआ तो आप थोड़ा परेशान हो जाते हैं, लेकिन यह हमारे नियंत्रण से बाहर है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# सुभाष रामलीला: धूमधाम से निकली भगवान राम की बारात

## जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की, राम को 14 वर्ष के लिए वनवास भेजने का कैकई का दशरथ से वर मांगने के दृश्य को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए














**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**सुभाष** रामलीला ड्रामेटिक क्लब के तत्वाधान में नरेला के रामलीला ग्राउंड में हो रही 77 वीं ऐतिहासिक रामलीला व भव्य दशहरा महोत्सव में हजारों की संख्या में रामभक्त दूर दराज के क्षेत्र से पहुंचकर भव्य रामलीला का आनंद ले रहे हैं। बीते 3 दिनों से आयोजित हो रही रामलीला के चौथे दिन कैकई मंथरा संवाद, कैकई दशरथ संवाद, राम वनवास का मंचन किया गया। जिसमें कलाकारों के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं राम को 14 वर्ष के लिए वनवास भेजने का कैकई का दशरथ से वर मांगने के दृश्य को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। वहीं गाजे बाजे के साथ धूमधाम से निकली राम बारात का कई जगहों पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की। भव्य रामलीला के चौथे दिन का शुभारंभ नेता सदन मुकेश गोयल, एक्शन इंडिया समूह के मैनेजिंग डायरेक्टर रवि भारद्वाज ,प्रसिद्ध समाजसेवी जगमाल सिंह व सज्जन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया इस दौरान उन्होंने भगवान राम के आदर्शों पर चलने का आवाहन करते हुए सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के पदाधिकारियों को भव्य रामलीला के आयोजन पर बधाई दी। मुख्य अतिथि ,अति विशिष्ट अतिथियों का स्वागत अभिनंदन सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के पदाधिकारियों ने पटका पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर किया।

**कैकई ने राम के लिए मांगा वनवास, भरत को सिंहासन:** अयोध्या में खुशी का वातावरण था। भगवान श्री राम के राजतिलक की तैयारी जोर शोर से चल रही थी। यह जानकारी केकई की दासी मंथरा को मिली तो उसने अपनी चिकनी चुपड़ी बातों से राज महल में कैकई को भड़का दिया। कैकई ने राजा दशरथ से दो वचन भरत को राजतिलक तथा श्री राम को 14 वर्ष का वनवास मांग लिया। राजा दशरथ को वचन पूरा करना पड़ा और वह मूर्छित हो गए।

**धूमधाम से निकली राम बारात जगह-जगह बरात पर हुई पुष्प वर्षा:** महिलाओं ने अपने घरों के सामने भगवान स्वरुपो की आरती उतारी। भगवान श्रीराम की बारात जब बैंड बाजों, ढोल नगाडो के साथ निकली, तो उनका जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर जय श्री राम के जयकारे लगाए। राम बारात का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी राहुल पुरी ने किया। राम बारात में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम अपने भाइयों के साथ घोड़ी पर सवार होकर निकले। राम बारात पंजाबी कॉलोनी, मंगला चौक, मेन बाजार पाना मामूरपुर होते हुए रामलीला ग्राउंड पहुची। लोग भगवान राम की एक झलक पाने के लिए मार्ग में पड़ने वाले मकानों की छतों पर डटे रहे। राम बरात में साथ चल रहे श्रद्धालुओं ने धार्मिक गीतों पर नृत्य किया। वहीं महिलाओं ने अपने घरों के सामने भगवान स्वरूपों की आरती उतारी। इस मौके पर सुभाष रामलीला के संरक्षक लोकेश गर्ग, संरक्षक मोहनपुरी, प्रधान विष्णु भारद्वाज, उप प्रधान धर्मपाल वर्मा, उपप्रधान मोहित गुप्ता, महासचिव संजय बंसल, सचिव संदीप मंगला लेखाकार अनिल कुमार गर्ग, संगठन सचिव मुकेश बंसल, सुरेश गुप्ता, ऑडिटर डॉ सचिन कौशिक व डॉ शुभम रोहिल्ला, विशेष सलाहकार भारत भूषण शर्मा, मैदान पर्यवेक्षक जयपाल रोहिल्ला, रूपेश भारद्वाज, निपुण गुप्ता, जितेंद्र पालीवाल, संजू प्रजापति, अनिरुद्ध त्यागी, मोहित गौतम, अतुल गुप्ता, दीपक खत्री, पंकज शर्मा, पवन वर्मा, ओम दत्त शर्मा, इंदर शर्मा, मोहित पांचाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।





**जगमाल सिंह, प्रमुख समाजसेवी:** प्रभु श्री राम की लीला को जन-जन तक ले जाने का सबसे सशक्त माध्यम रामलीला है। मुझे खुशी है कि सुभाष रामलीला पिछले 75 वर्षों से आज की युवा पीढ़ी को प्रभु श्री राम की लीलाओं और उनकी शिक्षाओं से अवगत कराने में लगी है।



**मुकेश गोयल, नेता सदन दिल्ली नगर निगम**

**प्रभु** श्री राम की लीला को जन-जन तक ले जाने का सबसे सशक्त माध्यम रामलीला है। सुभाष रामलीला पिछले 75 वर्षों से आज की युवा पीढ़ी को प्रभु श्री राम की लीलाओं और उनकी शिक्षाओं से अवगत कराने में लगी है। भव्य रामलीला आयोजन के लिए सुभाष रामलीला की पूरी टीम बधाई की पात्र है।



**रवि भारद्वाज, समूह संपादक, एक्शन इंडिया**

**हर** वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रामलीला मंचन के लिए सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब की पूरी टीम बधाई की पात्र है। हम सभी को प्रभु श्रीराम के दिखाए हुए मार्ग पर चलना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में सच व धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना। चाहिए प्रभु श्री राम सबका कल्याण करेंगे।



**सज्जन सिंह प्रमुख समाजसेवी:** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रामलीला मंचन के लिए सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब की पूरी टीम बधाई की पात्र है। हम सभी को प्रभु श्रीराम के दिखाए हुए मार्ग पर चलना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में सच व धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना। चाहिए प्रभु श्री राम सबका कल्याण करेंगे।

# केवल पार्क रामलीला : दशरथ-कैकयी प्रसंग का हुआ मंचन

## रंगमंच पर राम वनवास की लीला के प्रसंग को लेकर राम के राज अभिषेक की चर्चा सुनकर मंथरा परेशान हुई, कैकई ने राम के लिए मांगा वनवास, भरत को सिंहासन










**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**श्री** आदर्श कला केंद्र, रामलीला कमेटी, केवल पार्क की रामलीला में विभिन्न प्रसंगों का मंझे हुए कलाकारों ने बेहद मनमोहक मंचन किया, जिसे देख दर्शक भावविभोर हो रहे हैं। रंगमंच पर राम वनवास की लीला के प्रसंग को लेकर राम के राज अभिषेक की चर्चा सुनकर मंथरा परेशान हुई। वह रानी कैकई के पास जाकर कैकई को समझाते हुए उसे राम को 14 वर्ष का वनवास भरत को राज अभिषेक पर राजी किया। मंचन में कैकई मंथरा के संवादों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**मनमोहक दृश्य**

**8 वनवास की लीला के प्रसंग को लेकर राम के राज अभिषेक की चर्चा सुनकर मंथरा परेशान हो गई**

**कैकई ने राम के लिए मांगा वनवास, भरत को सिंहासन:** भगवान राम के अभिषेक को लेकर पूरे अयोध्या में खुशी का माहौल था। हर कोई उत्सव मना रहा था। अयोध्या में खुशी का वातावरण था। भगवान श्री राम के राजतिलक की तैयारी जोर शोर से चल रही थी। यह जानकारी केकई की दासी मंथरा को मिली तो उसने अपनी चिकनी चुपड़ी बातों से राज महल में कैकई को भड़का दिया। कैकई ने राजा दशरथ से दो वचन भरत को राजतिलक तथा श्री राम को 14 वर्ष का वनवास मांग लिया। राजा दशरथ को वचन पूरा करना पड़ा और वह मूर्छित हो गए।













**अरविंद मूलचंद, प्रधान, केवल पार्क आरडब्ल्यूए:** सभी को प्रभु श्रीराम के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एक दिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी साथ की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। प्रभु श्रीराम सब पर अपनी कृपा बनाए रखें।



**परनानंद सिंघल, कोषाध्यक्ष श्मशान भूमि, आजादपुर:** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रामलीला मंचन के लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है। हम सभी को प्रभु श्रीराम के दिखाए हुए मार्ग पर चलना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में सच व धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना। चाहिए प्रभु श्री राम सबका कल्याण करेंगे। सत्य का मार्ग ही सतयुग का मार्ग है।

